वाराणसी शुक्रवार
20 सितम्बर 2024
वर्ष : 1 अंक : 21
मूल्य : 4.00 रुपए
पृष्ठ : 08
Title Code : UPHIN51376

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# उजाला संचार



ujalasanchar376@gmail.com

वाराणसी से प्रकाशित तथा लखनऊ, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर बलिया, जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, भदोही, देवरिया सहित संपूर्ण यूपी, बिहार दिल्ली से प्रसारित

## बिहार, यूपी और देश...अब सारे चुनाव होंगे एकसाथ

### मोदी कैबिनेट ने उठा लिया कदम, बदल जाएगा सारा खेल

**उजाला संचार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार और यूपी जैसे सारे राज्यों में अब एकसाथ ही चुनाव कराने को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठा लिया है. मोदी कैबिनेट ने बुधवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. सूत्रों के मुताबिक, संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में वन नेशन, वन इलेक्शन का बिल पेश किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने संबोधन में ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्न की वकालत की थी, जिसके बाद अब यह घटनाक्रम सामने आया है. पीएम मोदी ने तर्क दिया था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा पैदा होती है. एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने से जुड़ा है, जिसका मतलब है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होंगे।

**हाई-लेवल कमेटी**

वन नेशन, वन इलेक्शन बीजेपी के चुनाव घोषणा पत्र में भी शामिल था. नरेंद्र मोदी की अगुआई में लगातार तीसरी बाद एनडीए की सरकार बनने के बाद मोदी सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर बड़ा फैसला लिया है. अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है. साल के शुरूआत में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में हाई-लेवल कमेटी गठित की गई थी. कमेटी को मुख्य तौर पर दो काम सौंपा गया था. पहले चरण के तहत लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के मसले पर सुझाव देने को कहा गया था. दूसरे चरण में 100 दिनों के अंदर लोकल बॉडी यानी स्थानीय निकाय का चुनाव कराने को लेकर सुझाव देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

**अमित शाह ने पहले ही दे दिए थे स्पष्ट संकेत**

एक राष्ट्र, एक चुनाव भाजपा के महत्वपूर्ण चुनावी एजेंडों में शामिल रहा है. बीजेपी ने चुनाव घोषणा पत्र में भी इसका ऐलान किया था. इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने वन नेशन, वन इलेक्शन पर मोदी सराकर की मंशा को खुले तौर पर जाहिर कर दिया था. गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही कहा था कि वन नेशन, वन इलेक्शन को मोदी सरकार के इसी कार्यकाल में लागू किया जाएगा. सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में वन नेशन, वन इलेक्शन से संबंधित विधेयक पेश कर सकती है।

**वन नेशन, वन इलेक्शन प्रैक्टिकल नहीं- खरगे**

वन नेशन, वन इलेक्शन पर कैबिनेट की मंजूरी के बाद विपक्ष का रिएक्शन भी आया है. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी कैबिनेट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह प्रैक्टिकल नहीं है और न ही यह चलने वाला है. खरगे ने कहा कि ये लोग चुनाव के लिए मुद्दा बनाते हैं, लेकिन देश के लोग मानने वाले नहीं हैं. ळटउ के सीनियर लीडर डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन लोकतांत्र विरोधी भाजपा का एक और चीप स्टंट है. उन्होंने सवाल उठाया कि महाराष्ट्र चुनाव हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के साथ क्यों नहीं कराया गया।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच ने कपिल मान गैंग की लेडी डॉन काजल खत्री को किया गिरफ्तार

### जनवरी के महीने में सूरज मान की नोएडा में दिनदिहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी



**उजाला संचार**

**नई दिल्ली।** काजल खत्री ने सूरज मान हत्या की साजिश को रचा था, मर्डर मामले में वांटेड थी और 25 हजार की इनामी चल रही थी क्राइम ब्रांच ने इनपुट के आधार पर रोहिणी जिला से ट्रैप लगाकर काजल को दबोचा गैंगस्टर कपिल मान मंडोली जेल में बंद है कपिल मान गैंग को जेल के बाहर से लेडी डॉन काजल ऑपरेट कर रही थी काजल खत्री अपने आप को कपिल मान की पत्नी भी बताती है, कपिल मान गैंग और परवेश मान गैंग के बीच लंबे समय से गैंगवार चल रहा है। इस गैंगवार मे अबतक कई लोगों का मर्डर हो चुका है।

## बरेका में विश्वकम पूजा हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया








**उजाला संचार**

**वाराणसी।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में शिल्प, कला और निर्माण के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव 17 सितम्बर को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक एस.के. श्रीवास्तव ने बरेका अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूजा स्थल पर पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा पूजनोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बरेका के कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यसीलों को साफ-सफाई के बाद फूल-पत्तियों, रंग-बिरंग झंडियों और आकर्षक विद्युत लाईटों सेसजाया और आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा के सुंदर चित्रों के समक्ष भक्ति, निष्ठा और विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की।

पर्यावरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन करते हुए बरेका परिसर में भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियों के स्थान पर उनके चित्रों की पूजा की गई। लोको असेम्बली शॉप, ट्रेक्शन असेम्बली शॉप, टूल रूम, ट्रक मशीन शॉप, लोका टेस्ट शॉप, न्यू ब्लॉक शॉप, इंजन डिवीजन, स्टोर डिपो, विद्युत और सिविल अनुभाग, अभिकल्प विभाग और टीटीसी में भगवान विश्वकर्मा पूजनोत्सव को आकर्षक सजावट के साथ धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर सुब्रत नाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर इलेक्ट्रिकल मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर आर. आर. प्रसाद मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (उत्पादन) सुनील कुमार, मुख्य विद्युत इंजीनियर, निरीक्षण अरूण कुमार शर्मा मुख्य विद्युत इंजीनियर, लोका एमके सिंह, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, क्यू एम एस रामजन्म चौबे, उप महाप्रबंधक अनुज कटियार, जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार समेत बरेका के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिक्षक की सड़क दुघर्टना में दर्दनाक मौत

### ट्रक के कुचलने से साथी शिक्षक भी घायल

**उजाला संचार**

**वाराणसी।** शिवपुर थाना क्षेत्र के दांदूपुर रिंग रोड पर सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। जौनपुर निवासी शिक्षक ओम प्रकाश पाल (49) अपने साथी प्रमोद कुमार यादव के साथ हरहुआ की तरफ जा रहे थे। तभी उनकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मारी। ट्रक ओम प्रकाश को रौंदते हुए निकल गई जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर मॉच्युर्री भेज दिया। मृतक हरहुआ ब्लॉक में शिक्षक के पद पर तैनात थे। घायल शिक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि ओम प्रकाश पाल और वो हरहुआ ब्लॉक के खानपट्टी, बीरापट्टी कंपोजिट विद्यालय में शिक्षक हैं। सुबह हरहुआ विकास खंड के बेलवरिया में इछड की ट्रेनिंग लेने के लिए गए थे। वापसी में मैं भी उनके साथ मै बाइक चला रहा था और ओमप्रकाश पीछे बैठे थे। प्रमोद कुमार यादव ने बताया- काशी धाम के पास पीछे से आई ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर पीछे बैठे ओमप्रकाश छिटक कर दूसरी सड़क की तरफ जा गिरे और टक्कर मारकर भाग रही ट्रक ने उनके सिर को रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जौनपुर के केराकत थाना क्षेत्र के बीरमपुर निवासी ओमप्रकाश के परिजनों को जब मौत की सूचना मिली तो उनमें कोहराम मच गया। प्रमोद कुमार यादव ने बताया, ओमप्रकाश अक्सर कहते थे कि बच्चे को इंजीनियर बनाना हैं। शिवपुर थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया, एक्सीडेंट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और शव को कब्जे में लेकर मॉच्युर्री को भेजा गया है। फिलहाल सीसीटीवी की मदद से ट्रक की तलाश की जा रही है।



## थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा कैंसर से पीड़ित होमगार्ड को ऑपरेशन हेतु सहयोग स्वरूप थाना लंका के अधिकारी कर्मचारी गण के सहयोग से रुपए 100000 प्रदान किया गया

**रोहित सेठ/उजाला संचार, वाराणसी।** थाना लंका पर नियुक्त होमगार्ड 0339 राजा तारण पुत्र स्वर्गीय सपन कुमार निवासी ऊ53 / 43 फ्लैट नंबर 1 लक्सा रोड वाराणसी*जो अपने पिता के स्थान पर होमगार्ड के पद पर नियुक्त हैं राजा तारण एक मेहनती कर्तव्य के प्रति वफादार और कार्य सरकार के प्रति जागरूक तथा उच्च अधिकारी गणों के आदेश का पालन करने में तत्पर रहने वाले कर्मचारी हैं लगभग दो माह से पैर में परेशानी होने के कारण कार्य सरकार करते-करते इलाज भी कर रहे थे परेशानी बढ़ने पर कैंसर हॉस्पिटल में दिखाया गया तो डॉक्टर द्वारा बताया गया की पैर में कैंसर हो गया है उक्त की जानकारी मुझ प्रभारी निरीक्षक को होने पर थाना लंका पर नियुक्त अधिकारी कर्मचारी गण से वार्ता किया गया तथा सभी के सहयोग से होमगार्ड राजतरण की दवाई इलाज के लिए रुपए 100000 संकलित कर उनके इलाज हेतु सहयोग के रूप में प्रदान किया गया तथा सभी ने देवाधिदेव महादेव से निवेदन किया की अतिशीघ्र ऑपरेशन के उपरांत स्वास्थ्य लाभ लेकर पुनः कार्य सरकार में संलग्न हो यही देवाधिदेव महादेव से निवेदन हैं।



## कलयुग में मानवता शर्मशार...

### महिला से बर्बरता: मानसिक बीमार महिला को चोर बताकर पीटा, फिर पति संग बांधकर मारा और गर्म सरिया से दागा

**उजाला संचार**

**(शीतल निर्भीक/रंजना वर्मा)**

**देवरिया।** जिले के सुरौली थाना क्षेत्र के परसा जंगल में रात में मानसिक रूप से बीमार एक महिला भटकते हुए पहुंच गई। गांव के लोगों ने उसे चोर बताते हुए पिटाई कर दी। महिला के पड़ोस के गांव की होने की जानकारी पर परिजनों को बुलाकर सौंप दिया। आरोप है कि परसा जंगल के पूर्व प्रधान अगले दिन बीमार महिला और उसके पति को जबरन घर से ले गए और अपने गांव में बांधकर पिटाई के साथ ही लोहे के गर्म राड से शरीर पर कई जगह दाग दिया। मामला 13 और 14 सितंबर का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पूर्व प्रधान समेत पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार उसरा बाजार गांव निवासी उमाशंकर पुत्र नेउर ने पुलिस दी तहरीर में कहा है कि उसका बेटा गुड्डू कोलकाता में नौकरी करता है। गुड्डू की पत्नी संजू मानसिक रूप से बीमार है और गोरखपुर में इलाज चल रहा है। एक सप्ताह पहले गुड्डू कोलकाता से घर आया था। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते संजू अक्सर घर से निकल जाती है। 13 सितंबर की रात वह भटकते हुए बगल के गांव परसा जंगल पहुंच गई। जहां ग्रामीणों ने उसे चोर समझ पकड़ लिया और पिटाई कर दी। अगली सुबह जानकारी होने पर गुड्डू उसे घर ले आया।

इस मामले में आरोप है कि 14 सितंबर की देर शाम में परसा जंगल के पूर्व ग्राम प्रधान कमलेश यादव पुत्र बुद्धू अपने दो साथियों के साथ गुड्डू के घर पहुंचा और गुड्डू और संजू को अपने गांव ले जाने लगा। कहा कि संजू का कुछ सामान छूटा हुआ है उसे वापस करना है। मना करने पर जबरन दोनों को लेकर चला गया। आरोप




है कि परसा जंगल ले जाकर कमलेश यादव और उसके सहयोगियों ने गुड्डू और संजू को नीम के पेड़ से बांध का पिटाई की। लोहे का सरिया गर्म कर शरीर पर कई जगह दाग भी दिया।

**बहू-बेटे को छुड़ाने जाने की नहीं जुटा सके हिम्मत, प्रधान से कराया फोन**

परसा जंगल गांव में जब गुड्डू और संजू को यातनाएं दी जा रही थीं उसी दौरान वहां से गुजर रहे उसरा बजार के ही एक व्यक्ति ने उमाशंकर को फोन कर जानकारी दी।

सहमे उमाशंकर और परिजन परसा जंगल गांव जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक पूर्व प्रधान कमलेश का क्षेत्र में दबदबा है। पुलिस को सूचना न देकर उमाशंकर ने अपने गांव के प्रधान से मदद की गुहार लगाई। इसके बाद उसरा बाजार के प्रधान ने कमलेश यादव से संपर्क कर छोड़ने की बात कही। दो घंटे बाद गुड्डू और संजू मुक्त हुए।

महिला की हालत बिगड़ी मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक बार चोर बताकर और दूसरी बार पति के साथ पेड़ से बांध कर पिटाई से संजू की हालत बिगड़ गई। उसके शरीर के कई हिस्सों पर गर्म सरिया से दागने के निशान थे, दर्द से वह तड़प रही थी। परिजनों ने संजू को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

**वीडियो वायरल होने के पुलिस ने की कार्रवाई**

मानसिक रूप से महिला की पिटाई के बाद उसके पति के साथ पेड़ से बांध कर पिटाई का अलग-अलग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने परसा जंगल गांव में छापेमारी कर पूर्व ग्राम प्रधान कमलेश यादव सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसी बीच गुड्डू के पिता उमाशंकर ने कमलेश यादव व उसके साथ दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

**सोशल मीडिया पर वायरल**

वीडियो के आधार पर पांच आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें पीड़ित की तरफ से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में शामिल पूर्व ग्राम प्रधान कमलेश यादव व दो अज्ञात भी शामिल हैं। पांचों आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

**- संकल्प शर्मा, एसपी**

# नमामि गंगे ने स्वच्छता से किया पितरों को नमन

## सिंधिया घाट पर स्वच्छता ही सेवा का संदेश देकर पितरों को दी गई श्रद्धांजलि




**उजाला संचार, वाराणसी।** पूर्वजों के प्रति सम्मान, प्रेम और श्रद्धा के प्रतीक पितृ पक्ष के अवसर पर नमामि गंगे ने गुरुवार को सिंधिया घाट पर स्वच्छता करके पितरों को नमन किया । पूर्वजों के मोक्ष और शांति के लिए श्राद्ध और दान के प्रथम दिन गंगा घाट पर स्वच्छता की अलख जगाई गई । श्राद्ध और तर्पण कर रहे नागरिकों द्वारा गंगा तट पर छोड़ी गई सामग्रियों को समेट कर कूड़ेदान तक पहुंचाकर पितृपक्ष पर गंगा घाटों की स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया गया । नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि पूर्वजों को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर उनको श्रद्धासुमन अर्पित कर सकते है। पूर्वजों के नाम पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ अपने पूर्वजों की स्मृति को चिरस्थाई बना सकते हैं। पर्यावरण हमारी भावी पीढ़ी के लिए भी अनुपम उपहार होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में गरीब और बेसहारा लोगों की मदद कर, कुपोषित और जरूरतमंद बच्चों को भोजन कराकर हम समाज में सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं। सही मायनों में यह अपने पितरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आयोजन में प्रमुख रूप से नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रत्याशी पवन मेहरोत्रा, सुधांशु पाठक, रजनीश सेठ आदि शामिल रहे।

# हेल्थ 'की परफोर्मेंस इंडीकेटर' पर हुई मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक

## कमीटेड व्यय को माह के अंत तक सौ फीसदी पूरा करने का दिया निर्देश

**उजाला संचार, वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक के दिशा निर्देश के क्रम में बुधवार को मंडल स्तरीय भौतिक और वित्तीय समीक्षा बैठक अपर निदेशक स्वास्थ्य वाराणसी मंडल डॉ एमपी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मंडल के चारों जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डी पी एम, डी सी पी एम, डी ए एम, मंडलीय अर्बन, क्वालिटी कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक को 'की परफॉर्मेंस इंडिकेटर (केपीआई)' के सभी 182 संकेतकों पर अभिमुखीकरण और समीक्षा की गई। जिन इंडीकेटर में प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर से कम उपलब्धि थी उसको विस्तृत चर्चा करते हुए सुधार के लिए निर्देशित किया गया। वित्तीय समीक्षा में कमीटेड व्यय को 30 सितंबर तक सौ फीसदी सुनिश्चित करने के लिए एक्टिविटी वार 0%, 0-10% 10-25%, 25-50% तथा 50%-75% वाले गतिविधियों को प्राथमिकता पर पूर्ण करने का निर्देश दिए गए। 75% से 99% की उपलब्धि को समस्त मद में 100% एक सप्ताह में पूरा करने की कार्ययोजना बताई गई। सभी प्रकार की निविदा एक सप्ताह में जारी करने, व्यय न होने वाली धनराशि को वापस करने तथा चालू वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित समस्त प्रशिक्षण के समय सारिणी बना कर व्यय बुक करने पर जोर दिया गया। केपीआई की समीक्षा पर आधारित बिंदुओं पर मंडलायुक्त को ब्रीफ करते हुए एजेंडा भी साझा किया गया। मंडलायुक्त के द्वारा अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में सभी इंडीकेटर पर भी विस्तृत चर्चा का निर्देश प्राप्त हुआ है। बैठक में वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक बृजेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यूपी के 5 महानगरों के विभिन्न रूटों पर चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

**उजाला संचार, लखनऊ।** लखनऊ, अलीगढ़, मुरादाबाद, अयोध्या, गोरखपुर में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें यूपी परिवहन विभाग कर रहा 220 बसों की खरीद पर्यावरण बचाने के साथ ही बेहतरीन होगी प्रमुख महानगरों की यात्रा अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगी इलेक्ट्रिक बसें अलीगढ़ और मुरादाबाद क्षेत्र में 30 इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी लखनऊ और अयोध्या गोरखपुर में 20-20 इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी अलीगढ़ से नोएडा रूट पर चलेगी इलेक्ट्रिक बसें अलीगढ़ से फरीदाबाद के लिए भी मिलेंगी इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या-लखनऊ और अयोध्या गोरखपुर रूट पर भी चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या, प्रयागराज अयोध्या सुल्तानपुर और वाराणसी रूट पर भी इलेक्ट्रिक बसों का होगा संचालन गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी रूट पर भी चलेंगीइलेक्ट्रिक बसें।

# विज्ञान व शिक्षा समाज के विकास का आधार: डॉ.चंद्र मोहन नौटियाल का प्रेरक संदेश

उजाला संचार

**(शीतल निर्भीक/रंजना वर्मा)**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जिले के सलेमपुर स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में आयोजित विज्ञान वातायान एवं विमोचन समारोह में विज्ञान और शिक्षा की महत्ता पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विज्ञान और शिक्षा को समाज के विकास के स्तंभ बताते हुए डॉ. चंद्र मोहन नौटियाल के विज्ञान अभिनंदन अंक का विमोचन किया।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने अपने संबोधन में कहा, ₹विज्ञान और शिक्षा समाज की प्रगति के मूलभूत आधार हैं। इनके बिना किसी भी समाज की समृद्धि और विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।₹ उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को विज्ञान और तकनीकी शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

समारोह की विशिष्ट अतिथि, सलेमपुर की उपजिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव ने विज्ञान और इंजीनियरिंग के माध्यम से समाज निर्माण में योगदान की चर्चा करते हुए कहा, ₹विज्ञान के बिना समाज का विकास असंभव है और इसके प्रसार में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।₹ उन्होंने ग्रामीण इलाकों में भी विज्ञान की पहुंच को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. चंद्र मोहन नौटियाल,




जिनके सम्मान में यह आयोजन किया गया था, ने विज्ञान को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि विज्ञान संचार के क्षेत्र में उनके 900 से अधिक व्याख्यान और 250 से अधिक टीवी और रेडियो प्रसारणों के माध्यम से उन्होंने समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया है। ₹विज्ञान तब तक सार्थक नहीं है जब तक कि यह समाज के हर कोने तक न पहुंचे और इसे जन-जन तक लाने के लिए शिक्षा का सहारा लेना जरूरी है,₹ उन्होंने कहा।

समारोह में छात्रों द्वारा तैयार की गई विज्ञान प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रदर्शनी में 100 से अधिक विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए गए, जो छात्रों के नवाचारी विचारों को दर्शा रहे थे।

इस अवसर पर सेंट पाल स्कूल के प्रबंधक विनोद मिश्रा, जीएम एकेडमी के प्रिंसिपल मोहन द्विवेदी, डॉ. विनीत यादव समेत सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही,ब्यूरो प्रमुख शीतल निर्भीक और महिला पत्रकार रंजना वर्मा सहित कई मीडिया कर्मियों ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम के समापन के दौरान सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रिंसिपल वी. के. शुक्ल ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विज्ञान और शिक्षा के प्रसार में डॉ. नौटियाल के योगदान की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक अभिनय तिवारी और विज्ञान संचारक अनिल कुमार त्रिपाठी ने प्रधानाचार्य वी. के. शुक्ल के साथ अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। समारोह की खास बात यह रही कि मीडिया संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह और गंगेश तिवारी मुन्ना ने विद्यालय के प्रिंसिपल का पगड़ी बांधकर सम्मान किया, जिससे कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई।

समारोह के अंत में डॉ. चंद्र मोहन नौटियाल ने विज्ञान और शिक्षा के महत्त्व पर जोर देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि वे विज्ञान की रोशनी में अपने और समाज के भविष्य का निर्माण करें।

# अवैध निर्माण और रेस्टोरेंट संचालन पर वाराणसी विकास प्राधिकरण की कार्रवाई

उजाला संचार

**वाराणसी।** दिये गये निर्देश के अनुपालन में पर किये गये एव सिगरा स्थित भवन संख्या ऊ58/19 अ-4 में अवैध निर्माण और पार्किंग में अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई की गई। (वार्ड-दशाश्वमेध)के अंतर्गत प्राप्त शिकायती पत्र में बेसमेंट में अवैध रेस्टोरेंट और तृतीय एवं द्वितीय तल पर अवैध निर्माण में फोनिक्स जिम के संचालन की शिकायत की गई थी।

उक्त शिकायत के आधार पर सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा एव नगर नियोजक प्रभात कुमार एव संबन्धित वार्ड के जोनल अधिकारी सौरभ प्रजापति द्वारा संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरिक्षण के दौरान मौके पर पाया गया कि भवन इ+ऋ+3 तलों का व्यावसायिक निर्माण है, जबकि स्वीकृत मानचित्र केवल इ+ऋ+2 तलों का पाया गया।* निर्माण कर्ता द्वार अवैध रूप से एक तल अतिरिक्त निर्माण को हटाये जाने तथा भवन के बेसमेंट में संचालित रेस्टोरेंट को बंद करते हुए पार्किंग के रूप में उपयोग किये जाने निर्देशित किया गया है वाराणसी विकास प्राधिकरण ने 7 दिनों का समय देते हुए स्पष्ट किया कि अगर इस अवधि में अवैध निर्माण और संचालन बंद नहीं किया गया तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भवन स्वामी की होगी।

# माल्दा में चौकी प्रभारी का कड़ा रुख: 30 वाहन चेकिंग में 9 का चालान, 20 हजार का जुर्माना

उजाला संचार

**(शीतल निर्भीक ब्यूरो)**

बलिया जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के माल्दा चौकी प्रभारी शिवमूर्ति तिवारी ने आज अपनी सक्रियता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। दिन में एक से तीन बजे तक चले इस अभियान में कुल 30 वाहनों की जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले 9 वाहन चालकों का चालान काटा गया और कुल 20 हजार रुपये का ई-चालान किया गया।

चौकी प्रभारी शिवमूर्ति तिवारी ने चेकिंग अभियान को पूरी सावधानी और सतर्कता से अंजाम दिया। उनका कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल ट्रैफिक नियमों का पालन करवाना है, बल्कि आमजन को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। वाहन चेकिंग के दौरान उन्होंने बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के चलने वाले चालकों को हिदायत दी और भविष्य में नियमों का पालन करने के लिए सख्त निर्देश दिए।

तिवारी के अनुसार, इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके। चेकिंग के



दौरान उन्होंने विशेष रूप से उन वाहनों पर नजर रखी, जिनके कागजात पूर्ण नहीं थे या जो ओवरलोडिंग कर रहे थे। नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई।

चौकी प्रभारी की इस मुस्तैदी और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली की स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं। चेकिंग अभियान के दौरान तिवारी स्वयं सड़क पर मौजूद रहे और एक-एक वाहन की जांच की। उनकी सक्रियता और पुलिस बल की तत्परता से वाहन चालकों में अनुशासन और सतर्कता की भावना पैदा हो रही है।

गौरतलब है कि बलिया जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने जिलेभर में चेकिंग अभियान तेज करने का निर्देश दिया था। इसी के अंतर्गत माल्दा चौकी क्षेत्र में तिवारी के नेतृत्व में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

चौकी प्रभारी शिवमूर्ति तिवारी का कहना है कि यह अभियान केवल नियम तोड़ने वालों पर जुमार्ना लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम जनता को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है। भविष्य में भी इस प्रकार के अभियानों को जारी रखा जाएगा ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शिवमूर्ति तिवारी के इस सख्त रवैये से न केवल वाहन चालक सतर्क हुए हैं, बल्कि स्थानीय प्रशासन का भी उन्हें पूरा समर्थन मिल रहा है।

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर ने लिखा नया इतिहास

## सात चुनाव का तोड़ा रिकॉर्ड

उजाला संचार

**जम्मू।** धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत वोटिंग हुई. अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाला गया. इलेक्शन तीन चरणों में होना है, जिसका पहला चरण 18 सितंबर को संपन्न हुआ. जम्मू-कश्मीर की जनता ने यहां के लोकतांत्रिक इतिहास में नई इबारत लिख दी है. पहले फेज के तहत कुल 59 फीसद वोटिंग हुई. यह आंकड़ा पिछले 7 चुनावों में सबसे ज्यादा है।

इसका मतलब यह हुआ कि जम्मू-कश्मीर में पिछले कई चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग इस बार हुई है. बता दें कि जम्मू-कश्मीर में 10 साल के बाद विधानसभा चुनाव हो रहा है।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की जनता ने विधानसभा चुनाव में नया इतिहास लिख दिया है. प्रदेश की जनता ने लोकतंत्र में आस्था जताते हुए एश्ट का बटन दबाने के लिए बड़ी तादाद में अपने-अपने घरों से निकले. मुख्य चुनाव अधिकारी पीके पोले ने बताया कि पहले चरण के तहत हुई वोटिंग में 59 फीसद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश में वोटिंग शांतिपूर्ण रहा. चुनाव अधिकारी ने हालांकि बताया कि वोटिंग परसेंटेज के आंकड़े में बदलाव आ सकता है. ये आंकड़े बढ़ भी सकते हैं. उएड के अनुसार, प्रदेश के दूर-दराज के इलाकों और पोस्टल बैलट से डाले गए वोटों का अंतिम आंकड़ा अभी सामने आना बाकी है।

**7 जिलों की 24 सीटों के लिए वोटिंग:** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 7 जिलों की 24 सीटों के लिए वोट डाले गए. मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में चुनाव शांतिपूर्ण रहा. कहीं से भी किसी भी तरह की हिंसा की खबर सामने नहीं आई. दिलचस्प है कि पिछले 10 साल के अंतराल के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है. बीजेपी के साथ ही कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी समेत छोटी-छोटी पार्टियां चुनाव मैदान में हैं।

**4 लोकसभा चुनाव, 3 विधानसभा चुनाव :** उएड पीके पोले ने बताया कि पिछले 7 चुनावों में इस बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है. उन्होंने कहा, 59 फीसद मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जो पिछले 7 चुनावों (4 लोकसभा और 3 विधानसभा चुनाव) में सबसे ज्यादा है. मुख्य चुनाव अधिकारी ने वोटिंग परसेंटेज में वृद्धि के लिए कई चीजों को जिम्मेदार ठहराया है. इनमें बेहतर सुरक्षा व्यवस्था, राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की सक्रिय भागीदारी है. किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77 फीसद तक वोटिंग हुई है. वहीं, पुलवामा में सबसे कम 46 प्रतिशत लोगों ने वोट डाला. अब दो फेज का चुनाव बाकी है जो 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होगा।

# प्रयागराज में जेब में रखे मोबाइल में विस्फोट

## प्रतियोगी छात्र घायल, मोबाइल के हुए तीन टुकड़े, मचा रहा हड़कंप

उजाला संचार

**प्रयागराज।** शहर के गोविंदपुर में ट्रेन पकड़ने जा रहे प्रतियोगी छात्र के जेब में रखे मोबाइल में अचानक विस्फोट हो गया। इसमें छात्र जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। ज्ञानप्रकाश पुत्र रामप्रयाग केपी जायसवाल इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर तैनात हैं। वह मूल रूप से सुल्तानपुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में गोविंदपुर मोहल्ले में किराये के कमरे में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका भाई उमाकांत भी उनके साथ ही रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। बताया कि बुधवार को उनके भाई को गांव



जाना था, ऐसे में दोपहर 12 बजे के करीब वह ट्रेन पकड़ने के लिए कमरे से निकला। अभी वह गोविंदपुर टेंपो स्टैंड के पास पहुंचा था कि तभी उसके पैंट की जेब में रखे मोबाइल में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। इससे मोबाइल के तीन टुकड़े हो गए और विस्फोट इतना जबरदस्त था कि उसका पैंट तक फट गया। यही नहीं उसकी जांघ में जख्म भी।

# पुतिन बोले- काम के बीच शारीरिक संबंध बनाएं नागरिक

उजाला संचार

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने नागरिकों से ऑफिस में काम के बीच शारीरिक संबंध बनाने की अपील की है। पुतिन ने कहा, ₹रूसी नागरिकों का संरक्षण करना हमारी प्राथमिकता है।

रूसियों का भविष्य अब उनकी तादाद पर निर्भर करता है।₹ वहीं रूस के स्वास्थ्य मंत्री डॉ येवगेनी शेसतोपालोव ने कहा कि काम का प्रेशर बच्चा न पैदा करने का बहाना नहीं हो सकता है। आप काम के बीच ब्रेक लेकर भी शारीरिक संबंध बना सकते हैं। ब्रिटिश अखबार मेट्रो की रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने ऐसा देश में गिरती जन्म दर को ठीक करने के लिए कहा है।

दरअसल, रूस में जन्म दर 1.5 बच्चे प्रति महिला है। जबकि देश की आबादी को बनाए रखने के लिए 2.1 बच्चे प्रति महिला की जन्म दर होनी जरूर है। वहीं यूक्रेन के खिलाफ जंग शुरू होने के बाद से रूस के 10 लाख नागरिक अब तक देश छोड़कर जा चुके हैं। इसमें ज्यादातर युवा वर्ग के लोग शामिल हैं।

**पुतिन ने कहा था- 8 बच्चे पैदा करें महिलाएं**

यह पहली बार नहीं है जब पुतिन ने देश की घटती जन्म दर को लेकर चिंता जताई है। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में पुतिन ने रूस की महिलाओं से कहा था कि वे कम से कम 8 बच्चों को जन्म दें। रूसी घरों में बड़े परिवारों की परंपरा शुरू किए जाने की जरूरत है। पुतिन ने कहा था, ₹कई समुदायों में आज भी ज्यादा बच्चे पैदा कर परिवार को बढ़ाने और परंपराओं को बनाए रखने का चलन है। हमें यह याद करने की जरूरत है कि हमारी दादी और पड़दादी के जमाने में घरों में 7-8 बच्चे होते थे।₹

**रूस में जन्म दर 25 साल के निचले स्तर पर**

रूसी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 1999 के बाद रूस में जन्म दर अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। आबादी के मामले में दुनिया के टॉप 10 देशों में शामिल रूस में इस साल जून में 1 लाख से भी कम बच्चे पैदा हुए। 2024 की पहली छमाही में करीब 6 लाख बच्चों का जन्म हुआ। यह पिछले साल की तुलना में 16 हजार कम है। वहीं रूस में इस साल जनवरी से जून तक 3 लाख 25 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। इसकी वजह से देश की आबादी लगातार कम होती जा रही है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जुलाई में कहा था कि यह स्थित देश के भविष्य के लिए विनाशकारी है। रूस के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र करेलिया में अधिकारियों ने मां बनने वाली कॉलेज छात्राओं के लिए नई योजनाएं जारी की हैं। इसके तहत लोकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में 25 साल से कम उम्र की जो छात्राएं स्वस्थ बच्चों को जन्म देंगी। उन्हें करीब 92 हजार रुपए दिए जाएंगे।

**पुतिन ने कहा था- 10 बच्चे पैदा करने पर महिलाओं को करेंगे सम्मानित**

इससे पहले 2022 में पुतिन ने घोषणा की थी कि वे 10 बच्चे पैदा करने वाली महिलाओं को 'मदर हिरोइन' नाम का अवॉर्ड देंगे। यह अवॉर्ड सेकंड वर्ल्ड वॉर के दौरान भी महिलाओं को दिया जाता था। उस समय भी रूस की जनसंख्या तेजी से घट रही थी। रूस ने 1991 में सोवियत संघ के टूट जाने के बाद ये अवॉर्ड देना बंद कर दिया था।

# खाकी का दामन दागदार: घायल भाजपा नेता को अस्पताल ले जाते समय सिपाही ने लूटे मोबाइल और गहने,जानें कैसे हुआ खुलासा

उजाला संचार

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी के नेता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।सड़क हादसे में घायल भाजपा नेता को अस्पताल ले जाने के दौरान सिपाही ने अपने दो साथियों के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था।भाजपा नेता की सोने की चेन,चार अंगूठियां और दो मोबाइल लूट लिए गए थे।इस खुलासे के बाद से वदीर्धारी की करतूत को सुनकर हर कोई चकित है।सिपाही ने खाकी के दामन को दागदार कर मानवता को ही शर्मसार कर डाला है।फिलहाल पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही लुटेरे कांस्टेबल नीलकमल सहित दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।महोबा पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि चरखारी कोतवाली क्षेत्र के सूपा खुड़ा के पास एक सड़क हादसा हुआ था।

**समझें पूरा मामला**

बीते रोज चरखारी कोतवाली कस्बा के भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष 26 वर्षीय सचिन पाठक खून से लथपथ महोबा रोड पर पड़े मिले थे। सचिन पाठक की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई थी। सचिन की संदिग्ध मौत पर मृतक के भाई देवेंद्र और अन्य परिजनों ने मोबाइल,अंगूठियां,चेन गायब देख लूट के बाद हत्या करने की आशंका जताई थी।सचिन की संदिग्ध मौत की सूचना पर राज्य मंत्री राकेश राठौर सहित विधायक,पूर्व सांसद और कार्यकताओं ने उक्त मामले के जल्द से जल्द खुलासे की मांग की थी।

**24 घंटे के अंदर हुआ खुलासा**

इस मामले को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने गंभीरता से लिया और यही कारण है कि घटना के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया था। 24 घंटे के अंदर पुलिस ने जब घटना का खुलासा किया तो सभी दंग रह गए कि कैसे डायल 112 में ड्यूटी कर रहे ढफ्ऱ 5821के सिपाही ने देश की सेवा और फर्ज की कसम को दरकिनार कर मानवता को ही शर्मसार का डाला था।

**जानें कैसे हुई थी वारदात**

बताया जाता है कि मृतक भाजपा नेता सचिन पाठक 16 सितंबर की देर रात अपने एक मित्र को रेलवे स्टेशन छोड़ने के बाद वापस घर लौट रहे थे तभी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।सूचना पर पर ढफ्ऱ वाहन मदद के लिए पहुंचा था।जहां पीआरवी में तैनात सिपाही नीलकमल ने खून से लथपथ सचिन पाठक की मदद से पहले उसके साथ लूट की घिनौनी वारदात को अंजाम दे डाला। सचिन पाठक की चार अंगूठियां,सोने की चेन,दो मोबाइल लूट कर अपने दो अन्य साथियों को देकर फरार करा दिया और खुद एंबुलेंस से घायल सचिन पाठक को जिला अस्पताल पहुंचाया था, जहां इलाज के दौरान सचिन पाठक की मौत हो गई थी।

**सिपाही गिरफ्तार**

ऐसे में पुलिस ने आरोपी पीआरवी वाहन के सिपाही नीलकमल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल बताते हैं कि घटना में मृतक के परिजनों द्वारा लूट और हत्या की आशंका व्यक्त की गई थी और तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियोग भी पंजीकृत किया था, लेकिन जब इस मामले का खुलासा हुआ तो पता चला कि मदद के लिए पहुंची ढफ्ऱ में तैनात कांस्टेबल नीलकमल ने अपने दो अन्य साथी उमेश चंद्र गुप्ता और जवाहर पाटकार को गिरफ्तार किया है.।तीनों अभियुक्तों से जब पूछताछ की गई तो घटना के अनावरण के साथ-साथ मृतक भाजपा नेता से लूटा गया माल भी बरामद कर लिया गया है।

बहरहाल पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है,लेकिन इस वारदात के बाद से खाकी पर विश्वास करने वाले लोग हैरत में हैं कि कैसे मजबूर,असहाय,गरीबों और घायलों की मदद के लिए काम करने वाली खाकी ने मानवता को ही दागदार कर दिया और घायल को उचित इलाज दिलाने के बजाय लूट की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया।भले ही पुलिस ने भाजपा नेता सचिन पाठक की मौत का खुलासा कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया हो,लेकिन कहीं ना कहीं इस वारदात से खाकी का दामन दागदार हुआ है।

# भारतेन्दु सभा कक्ष में राजभाषा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

उजाला संचार

**वाराणसी**। वाराणसी मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेन्दु सभा कक्ष में राजभाषा सप्ताह का शुभारम्भ एवं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक,तकनीकी संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर-1 श्री रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर-2 श्री यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) श्री पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री राजेश कुमार, वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक श्री नितेश अग्रवाल,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री एस.रामाकृष्णन समेत वरिष्ठ मंडल आंकड़ा एव संसाधन प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी श्री नवनीत कुमार वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार एवं स्टेशन राजभाषा समिति के सदस्यगण समेत मंडलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव ने हिंदी को हमारी राजभाषा के रूप में स्वीकार किए जाने की हीरक जयन्ती पर बधाई देते हुए राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की इस बैठक में सभी का स्वागत किया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा जैसा कि आप सब जानते हैं कि आज से 75 साल पहले भारत की सविधान सभा ने परंपरा,संस्कृति,सभ्यता और स्वाधीनता के भाव की वाहक हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप स्वीकृति दी थी। इसी उपलक्ष्य में पूर्व की भांति इस वर्ष भी राजभाषा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं वास्तविकता तो यह है कि राजभाषा हिंदी से जुड़ने या इसे याद करने का कार्य कोई एक दिन नहीं होना चाहिए बल्कि वर्ष पर्यंत लगाव या जुड़ाव बना रहना चाहिए। हमारी धरोहर हिंदी दीर्घकाल से जन-जन के पारस्परिक संपर्क की भाषा रही है। इसी से हमारी पहचान बनती हैं हमें राजभाषा हिंदी का प्रयोग करते हुए गर्व की




अनुभूति भी होना चाहिए।

आज इस समिति के सदस्यों के बीच एक राजभाषा संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया हैं। साथ ही हमारे कर्मचारी बंधुओं की भी इसमें सहभागिता लिए दिनांक 19.09.2024 को हिंदी निबंध प्रतियोगिता एवं दिनांक 20.09.2024 को हिंदी टिप्पण एवं प्रारुप लेखन प्रतियागिता तथा दिनांक 23.09.2024 को हिंदी वाक प्रतियोगिता तथा दिनांक 240.09.2024 को हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन इसी सभाकक्ष में किया जा रहा हैं। सप्ताह का समापन पुरस्कार वितरण एवं संगोष्ठी के साथ दिनांक 27.09.2024 को किया जाएगा। मुझे आशा हैं कि आगामी कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए आप सभी अपने अधीनस्थ कार्मिकों को प्रेरित करेंगे साथ ही अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का प्रयोग करते हुए हिंदी की अदम्यता और आभा से अपने जीवन को सुशोभित करेंगे और राजभाषा प्रयोग को नई ऊंचाई प्रदान करने में अपना योगदान देंगे।

इस अवसर पर आयोजित तकनीकी संगोष्ठी में वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक श्री नितेश अग्रवाल ने जेम (त्री) पोर्टल के माध्यम से सामाग्री क्रय/विक्रय करने की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये बताया की किस प्रकार से जेम पोर्टल से सामग्री क्रय की जा सकती है तथा खराब सामग्री वापस की जा सकती है। वर्तमान में रेलवे कार्यालयों में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों को जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किया जा रहा है जो पूरी तरह से पारदर्शी है। इसके लिए कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है और मांग के अनुरूप पहले की अपेक्षा अधिक विकल्प मिलते है।

इसके पूर्व सभी का स्वागत करते हुए राजभाषा अधिकारी श्री नवनीत कुमार वर्मा ने गृह मंत्री एवं रेल मंत्री द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर जारी संदेशों का वाचन किया तथा राजभाषा पर सुझावों पर विस्तृत चर्चा की और सुधार के बारे में बताया। इस बैठक के दौरान राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गयी ,पिछली कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृन्त की पुष्टि की गयी तथा अगली बैठक हेतु सुझाव लिए गये। यह समय तीव्र परिवर्तन एवं तकनीकी विकास का है। मेरा आग्रह है कि आप सभी परिवर्तन के क्रम में राजभाषा का प्रयोग बनाए रखें। वेबसाइट, ई.मेल एवं ई-ऑफिस में गूगल इनपुट के माध्यम से हिंदी का प्रयोग बढ़ाएं। इसके साथ ही दिनांक 27.09.2024 को राजभाषा सप्ताह समापन समारोह के अवसर पर एक संगोष्ठी तथा पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया है। आप स्वयं तथा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अवश्य पधारें।

इस अवसर पर राजभाषा हिंदी सभी के हृदय तक पहुंचे, सभी को स्पर्श करें, इसके ध्यातव्य के लिए आज इस समिति के सदस्यों एवं मंडलीय अधिकारियों की एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मंडल कार्यालय पर कार्यरत अधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी श्री नवनीत कुमार वर्मा ने किया।

## स्वछता ही सेवा पकखवाड़ा का हुआ आगाज

उजाला संचार

**वाराणसी**। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ₹स्वच्छता ही सेवा₹ पखवाड़ा ₹स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता₹ की थीम पर विभिन्न कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस स्वच्छता अभियान के दौरान सम्पूर्ण स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा साथ ही साथ स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।

₹स्वच्छता ही सेवा₹ के दूसरे दिन 18 सितम्बर को मंडल रेल प्रबंधक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव के निदेशानुसार एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर श्री अभिषेक राय और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रूप ज्योति चौधरी के नेतृत्व में 11 स्टेशनों पर, मंडल चिकित्सालय वाराणसी समेत सभी 7 स्वास्थ्य इकाइयों (छपरा,सीवान,मऊ,बलिया,प्रयागराज रामबाग एवं कप्तानगंज हेल्थ यूनिटों पर ₹सफाई मित्र सुरक्षा शिविर₹ का आयोजन किया गया। जिसमे सभी सफाई मित्रों को ढढए किट का वितरण करने के साथ झ्र साथ उनका स्वास्थ्य परिक्षण किया गया।




आज दिनांक 18/09/24 को स्वच्छता ही सेवा - 2024 के अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्र बलिया में सीएमपी डा० राम ध्यान द्वारा स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सफाई मित्रों की चिकित्सा जांच की गई। इसके पश्चात सभी कर्मचारियों को ढढए ;३ वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक (कालोनी) स्वदेशी कुमार, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक (स्टेशन) राहुल गौतम, फार्मासिस्ट दीपक सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।आज दिनांक 18/09/24 को स्वच्छता ही सेवा 2024 के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन बलिया पर उळव- 2 पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्टेशन अधीक्षक सुनील सिंह, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक राहुल गौतम, जेई (विद्युत) मनोज कुशवाहा, पार्सल बाबू असगर, फ्ढक्र स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया। स्वच्छता ही सेवा 2024 के अन्तर्गत बलिया स्टेशन पर पौधारोपण भी किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक 18/09/24 को 'स्वच्छता ही सेवा'अभियान के तहत गाजीपुर सिटी स्टेशन पर हाउस कीपिंग सहायक स्टाफ के बीच पी पी ई किट का वितरण किया गया एवम स्टाफ तथा रेल कर्मचारियों के साथ पौधारोपण एवम श्रमदान किया गया।

स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अन्तर्गत वाराणसी मंडल में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया तथा स्वच्छता जागरूकता रैली एवं विभिन्न स्थानों पर श्रमदान किया गया, जिसमें विभिन्न रेलवे स्टेशन, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, स्वास्थ्य केंद्र, रेलवे कॉलोनी, ट्रेन सेट डिपो, टी.आर.डी. डिपो, रेलपथ, समपार, उद्यान तथा रेलवे की विभिन्न इकाइयाँ सम्मिलित हैं। इस अभियान में रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी अपना योगदान कर रहे हैं।

## बच्चों को डिप्थीरिया से बचाने के लिए समय पर कराएं टीकाकरण: सीएमओ डॉ संदीप चौधरी

### स्वास्थ्य विभाग ने की अपील, डिप्थीरिया है संक्रामक व गंभीर बीमारी

**बच्चों के गले और टान्सिल को प्रभावित करता है डिप्थीरिया का कीटाणु**

**बचाव के लिए पाँच साल में पाँच बार लगाया जाता है टीका झ्र डॉ एके मौर्य**

उजाला संचार

**वाराणसी**। डिप्थीरिया (गल घोंटू) एक संक्रामक बीमारी है जो बीमारी पैदा करने वाले बैक्टीरिया के कारण होती है। यह किसी को भी प्रभावित कर सकता है, लेकिन बिना टीकाकरण वाले बच्चों में यह सबसे आम है। यह एक संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने पर एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकती है। इससे बचाव और बच्चों को डिप्थीरिया का टीका लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि डिप्थीरिया के कीटाणु, बच्चों की श्वसन नली को नुकसान पहुंचाता है और पूरे शरीर में फैल सकता है। सामान्य लक्षणों में बुखार, गले में खरांश और गर्दन की ग्रंथियों में सूजन शामिल हैं। सीएमओ ने समस्त जनपदवासियों से अपील की है कि इस बीमार से बचाव के लिए बच्चों का समय पर टीका लगवाना सबसे ज्यादा जरूरी है। डिप्थीरिया का टीका पूरी तरह सुरक्षित है और शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि इस रोग से बचने के लिए जनसमुदाय को जागरुक किया जा रहा है। रोग के लक्षण आने पर तत्काल अपने गांव की आशा, एएनएम और सीएचओ से सम्पर्क करें तथा नजदीकी सरकारी चिकित्सालय से परामर्श एवं उपचार कराएं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व






एसीएमओ डॉ एके मौर्या ने बताया कि गलघोंटू या डिप्थीरिया एक जीवाणु (कोराइन बैवेटरिया डिप्थीरिया) द्वारा फैलने वाला संक्रामक रोग है। जो आमतौर पर गले और टान्सिल को प्रभावित करता है। ऐसे बच्चे जिन्होंने डिप्थीरिया का टीकाकरण नहीं करवाया है, उन्हें यह रोग होने की सम्भावना रहती है। इसमें गले में एक ऐसी झिल्ली बन जाती है जो सांस लेने में रुकावट पैदा करती है, जिससे गंभीर समस्या हो सकती है। इसके लक्षणों में गले में खराश, आवाज बैठ जाना या खाना निगलने में दर्द होना तथा ग्रसनी और नाक में झिल्ली बन जाना है। डिप्थीरिया के जीवाणु के संक्रमित व्यक्ति के मुंह, नाक, गले में रहते हैं। यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने और छींकने से फैलता है।

पाँच साल में पाँच बार टीकाकरण झ्र डॉ एके मौर्य ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम सारणी के अनुसार छह सप्ताह पर पेन्टावैलेन्ट 1, 10वें सप्ताह पर पेन्टावैलेन्ट 2 एवं 14वें सप्ताह पर पेन्टावैलेन्ट 3 का टीका लगाया जाता है। जिन बच्चों का किसी कारणवश एक वर्ष तक कोई भी टीकाकरण नहीं हो पाता है और एक वर्ष के बाद टीकाकरण कराने के लिए आते हैं तो उनको डी.पी.टी. वैक्सीन की एक-एक माह के अन्तराल पर तीन खुराक लगाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों को 16 से 24 माह पर डी.पी.टी. -1 बूस्टर एवं 05 वर्ष पर डी.पी. टी.-2 बूस्टर के रुप में दिया जाता है। इसके अलावा गर्भवती महिला को टी डी 1, टी डी 2, और टी डी बूस्टर के माध्यम से मातृ और नवजात शिशु को टेटनस और डिप्थीरिया से भी बचाया जाता है।

## 26 को पीएम मोदी करेंगे वाराणसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल बिल्डिंग का वर्चुअली शिलान्यास

### अक्टूबर में काशी आगमन के दौरान पीएम करेंगे भूमि पूजन, डीएम ने लिया तैयारियों का जायजा

उजाला संचार

**वाराणसी**। वाराणसी एयरपोर्ट के नये टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास पीएम मोदी 26 सितंबर को वर्चुअली करेंगे।फिर अक्टूबर में काशी आगमन के दौरान भूमि पूजन करेंगे।जिसकी तैयारी एयरपोर्ट पर जोरशोर से चल रही है।बुधवार को ज़िलाधिकारी एस.राजलिंगम एयरपोर्ट पहुँचे और तैयारियों का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार पीएम 26 सितंबर को वाराणसी समेत देश के छः एयरपोर्ट के नए टर्मिनल बिल्डिंग का वर्चुअली शिलान्यास करेंगे।वाराणसी के अलावा बागडोगरा ,शोलापुर ,दरभंगा ,आगरा,सहारनपुर आदि एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे। विदित हो कि नये टर्मिनल बिल्डिंग का टेंडर अहलूवालिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है।नए टर्मिनल बिल्डिंग का टेंडर 897 करोड़ रुपए में हुआ है। टर्मिनल बिल्डिंग तीन फ़्लोर का होगा।ग्राइण्ड फ़्लोर पर आगमन होगा तथा प्रथम तल से यात्री प्रस्थान करेंगे।तथा तीसरे फ़्लोर पर कार्यालय होगा। वर्चुअली शिलान्यास के दौरान टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण स्थल के पास टेंट लगाया जायेगा जहां बड़े एलईडी पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। टेंट में पाँच हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो सकते है।हालाँकि अभी कार्यक्रम तय नहीं है।इसके अलावा शहर के गणमान्य और एयरपोर्ट आथीरिटी के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक 24 सितंबर को 4:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी

उजाला संचार

**वाराणसी**। जिला सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 सितम्बर, दिन-मंगलवार को अपराह्न 04:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ग्रुप कैप्टन अशोक पांडे (अ0प्राङ्ग) ने जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों/वीर नारियों/दिवंगत सैनिकों की पत्नियों को बताया है कि अपनी समस्याओं के साथ (जैसे-भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान या अन्य कोई समस्या) दिनांक 23 सितम्बर तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास में आकर अपना आवेदन पत्र दो प्रति में जमा कर दें। उक्त तिथि के पश्चात या बैठक के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र अगली बैठक में सम्मिलित किये जायेंगे।

## गोकर्ण अक्रॉस भारत पुस्तक का हुआ विमोचन

उजाला संचार

**वाराणसी**। आज दिनांक 11/09/2024 को प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन श्री नितिन गोकर्ण द्वारा रचित ₹गोकर्ण अक्रॉस भारत₹ के पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन सूर्या होटल में शाम 6 बजे किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्वलन व वैदिक मंगलाचरण से किया गया इसी क्रम में श्री नितिन रमेश गोकर्ण, श्रीमती श्रीला गोकर्ण, पद्मश्री डॉ के.के. त्रिपाठी, प्रो0 राणा पी.बी. सिंह, प्रो0 गोपबन्धु मिश्रा द्वारा मंचागमन किया गया, जिसके उपरांत सभी मंचासीन लोगों का स्वागत शाल और पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

उक्त के क्रम में श्री नितिन रमेश गोकर्ण द्वारा पुस्तक विमोचन किया गया ' विमोचन में गोकर्ण अक्रोस भारत' पुस्तक में उसके प्रणेता श्री नितिन रमेश गोकर्ण ने भारत वर्ष में 'गोकर्ण' से जुड़े उपर्युक्त ऐतिहासिकता, सांस्कृतिकता आदि सभी पक्षों को सचित्र, सप्रणाम एवं सवर्णन प्रस्तुत किया है। यह उनकी इस पवित्र 'गोकर्ण' के प्रति आत्यंतिक श्रद्धा, अनुपम निष्ठा तथा निरंतर प्रयास की अप्रतिम सुखद तथा ज्ञानप्रद फलश्रुति है।

श्री कौशल राज शर्मा आयुक्त, श्री पीयूष मोर्डिया ए०डी०जी०, श्री एस० राज लिंगम जिलाधिकारी, श्री मोहित अग्रवाल पुलिस कमिश्नरेट, काशी हिन्दू विश्व विद्यालय, वाइस चांसलर सम्पूर्णानन्द विश्व विद्यालय, वाइस चांसलर काशी विद्यापीठ, श्री शम्भू कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री पुलकित गर्ग उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण, श्री अक्षत वर्मा, नगर आयुक्त, श्री हिमान्शू नागपाल सी०डी०ओ०, श्री चन्द्र कान्त मीना डी०सी०पी० वरूणा, श्री मनीष कुमार सांडिल्य, डी०सी०पी०, गोमती श्री जयदेव सी०एस०, एस०डी०एम० श्री सर्वानन टी., ए०डी०सी०पी०, वरूणा, श्रीमती पारुल गुप्ता डायरेक्टर आई०बी० मिनिस्टर ऑफ होम अफेयर, डा० वेद प्रकाश मिश्रा सचिव वाराणसी विकास प्राधिकरण, डा० गुडाकेश शर्मा अपर सचिव वाराणसी विकास प्राधिकरण, संयुक्त सचिव परमानंद यादव वाराणसी विकास प्राधिकरण, महन्त श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, महन्त श्री संकट मोचन मंदिर, महन्त श्री काल भैरव मंदिर, महन्त श्री महामृत्युन्जय मंदिर, श्री संतोष दास, सतुआ बाबा आदि लोग उपस्थित रहे।

## फाइनेंसकर्मी से लूट करने वाला दूसरा बदमाश भी मुठभेड़ में घायल

### शिवपुर में देर रात तड़तड़ाई गोलियां

उजाला संचार

**वाराणसी**। शिवपुर थाना क्षेत्र के रिंग रोड हरिहरपुर के पास पुलिस और बदमाशो के बीच बुधवार देर रात मुठभेड़ हो गई।जुलाई में फाइनेंसकर्मी से हुई लूट में शामिल यह दूसरा बदमाश है. इस पर 25 हजार का इनाम पहले से घोषित है। इसका एक साथी शिवा सोनकर बीते 6 अगस्त को मुठभेड़ में गिरफ्तार हो चुका है।जानकारी के अनुसार मुंगेर का रहने वाला गुलशन वाराणसी आकर वारदात को अंजाम देता था और फिर बिहार भाग निकलता था। एसओजी और शिवपुर पुलिस को सूचना मिली कि गुलशन किसी घटना को अंजाम देने के लिए आ रहा है।



पुलिस गुलशन को फॉलो करना शुरू की तो पुलिस की जीप देखकर उसने गोली चला दी उसके बाद एसओजी ने भी जवाबी फायरिंग शुरू की पुलिस की गोली गुलशन के पैर में जाकर लग गई।

आरोप है कि 23 जुलाई 2024 को शिवपुर के कानूडीह में भदोही के औराई निवासी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी योगेश पर गुलशन और शिवा सोनकर ने फायर झोंककर 1 लाख दो हजार रुपए लूट लिए थे दिनदहाड़े हुई घटना से हड़कंप मच गया था घटना के बाद से ही शिवपुर और एसओजी टीम बदमाश की तलाश में जुटी रही सूचना मिलते ही डीसीपी वरुणा जोन चंद्रकांत मीणा ने घटना की जानकारी ली. एडीसीपी वरुणा जोन टी सरवणन मौके पर पहुंचे. मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ जारी है पुलिस उसके अपराधिक इतिहास संकलित कर रही है बदमाश को दीनदयाल अस्पताल भेजा गया है जहां फोर्स को तैनात किया गया है।

## बाइक सवार बदमाशों ने हाईवे पर दिनदहाड़े ऑटो सवार महिला की पर्स छीन कर भागे

### पर्स में था रुपए 20000 नगद व 2 लाख रुपये कीमत की गहना

उजाला संचार

**रोहनिया**। स्थानीय थाना क्षेत्र के भदवर चौकी अंतर्गत हेरिटेज मेडिकल कालेज के समीप हाईवे पर बुधवार को दिनदहाड़े ऑटो सवार महिला का पर्स छीनकर बदमाश भाग निकले।प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाहाबाद मांगलिक कार्यक्रम से लौट रही महिला वंदना पाठक अपने पिता प्रेम शंकर पांडेय व चचेरे भाई विपिन व चाची मुन्नी देवी संग टूरिस्ट बस से मोहन सराय चौराहे पर उतरकर अपने परिचित चालक अनिल के ऑटो में बैठकर सरेहुआ सकलडीहा चंदौली के लिए जा रही थी। जिसके दौरान भदवर स्थित हेरिटेज मेडिकल कॉलेज के समीप पहुंची ही थी कि अचानक अपाचे बाइक सवार दो बदमाशों ने चलती ऑटो से ही महिला का बैग छीन कर भदवर चौराहे की तरफ भाग निकले।पिता प्रेम शंकर पांडेय ने बताया कि मेरे शोर मचाने से वह और तेजी से भाग निकले बैग में 20000 रुपये के लगभग नगद एक मंगलसूत्र एक जोड़ी पायल एक चैन व पांच अंगूठी व कुछ कीमती गहने थे जिनकी कीमत लगभग दो लाख रुपए तक थी।घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी विवेक कुमार शुक्ला ने घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में पुलिस जुटी रही।

## पल्सर सवार बदमाशों ने व्यवसायी के गले से चैन छीन कर हुए फरार

**उजाला संचार, रोहनिया**। स्थानीय थाना क्षेत्र के अखरी पुलिस चौकी अंतर्गत खनाव बाजार में बुधवार को सुबह लगभग 8 बजे अपने घर के सामने कुर्सी पर बैठे हार्डवेयर व्यवसायी बृजपाल गुप्ता के ऊपर झपट्टा मार पल्सर सवार बदमाशों ने गले से चैन छीनकर अखरी की तरफ भाग निकले। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजपाल गुप्ता सुबह टहलने के बाद अपने मकान के सामने कुर्सी पर बैठे थे जिसके दौरान पल्सर बाइक से दो युवा पहुंचे पता पूछने के बहाने एक युवक बृजपाल गुप्ता के पास में गया जबकि दूसरा बाइक स्टार्ट कर उसी पर बैठा था। पता पूछने के बहाने मौका मिलते ही बृजपाल गुप्ता के गले से सोने की चेन नोच कर भागने लगा तो बृजपाल गुप्ता ने बदमाश का हाथ पकड़ लिया बदमाश ने हाथ पर ब्लेड से वार करके बृजपाल गुप्ता को जख्मी कर दिया और बाइक पर सवार होकर दोनों बदमाश अखरी के तरफ फरार हो गये।जिसकी सूचना पाकर मौके पर एडीसीपी टी सरवरन, एसीपी रोहनिया संजीव शर्मा तथा रोहनिया थाना प्रभारी विवेक कुमार शुक्ला मौके पर पहुंच कर घटना के बारे में जानकारी लिया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला।

ujalasanchar376@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

उजाला संचार

# केजरी का आतिशी दांव

एक बार फिर साबित हुआ कि अरविंद केजरीवाल राजनीति के चतुर सुजान हैं। वे भी आपदा को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। शीर्ष अदालत से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर केजरीवाल ने एक बार फिर से चौंकाया है। कयास लगे थे कि अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वहीं उनकी पत्नी को भी मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कहा जा रहा था। दरअसल, क्षेत्रीय दलों में एक परंपरा रही है कि किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप दी जाती थी। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। जैसे बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। विगत के ऐसे प्रसंग भी हैं जब कानूनी बाध्यताओं के चलते पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री का पद दिया गया तो उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा हिलोरे लेने लगी। विगत में बिहार और झारखंड में ऐसे प्रसंग सामने आए। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, वे कुल मिलाकर निशाने पर लगते नजर आए हैं। हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक दबाव तो बना दिया है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव निर्धारित समय से कुछ महीने पहले महाराष्ट्र के साथ कराने की मांग करके आप ने दिल्ली में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। लेकिन यदि केजरीवाल शराब घोटाले में नाम आने व गिरफ्तारी के बाद तुरंत इस्तीफा दे देते तो शायद उन्हें इसका ज्यादा लाभ मिलता, जैसे कि लालकृष्ण आडवाणी ने कतिपय राजनीतिक आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया था। बहरहाल, केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सोची-समझी रणनीति के तहत ही दिया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव को अपनी ईमानदारी के जनमत संग्रह के रूप में दर्शा सकें। उनका मकसद भाजपा सरकार द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकाबला करने तथा खुद को राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में दिखा जनता की सहानुभूति अर्जित करना भी है। निस्संदेह, जनता से ईमानदारी का प्रमाण पत्र हासिल करने की योजना उनकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा जान पड़ती है। वहीं तय समय से तीन माह पहले दिल्ली में विधानसभा चुनाव कराने की मांग करके उन्होंने जता दिया है कि आप चुनाव अभियान के लिये तैयार है। दरअसल, केजरीवाल वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव को दोहराना चाहते हैं, जिसके बाद 2015 में आम आदमी पार्टी को भारी जीत मिली थी। लेकिन इस बार की स्थितियां खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह जुआ मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। जिसे विपक्ष ने पार्टी की घटती लोकप्रियता के रूप में दशार्या था। दरअसल, बुनियादी प्रशासनिक ढांचे की खामियां व भाजपा के लगातार हमलों ने आप को बचाव की मुद्रा में ला खड़ा कर दिया था। वहीं दूसरी ओर आप सरकार की कल्याणकारी योजनाएं अभी भी मतदाताओं को पसंद आ रही हैं।

> **दिल्ली के विधानसभा चुनाव निर्धारित समय से कुछ महीने पहले महाराष्ट्र के साथ कराने की मांग करके आप ने दिल्ली में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है**

## विचार

# आम सहमति बने

निस्संदेह, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। तीसरे कार्यकाल के सौ दिनों के बीच सरकार के कई फैसलों पर गठबंधन धर्म की गांठें नजर आई हैं। एक दशक की स्वच्छंद कार्यशैली के बाद अब भाजपा सहयोगी दलों पर निर्भर नजर आ रही है। कहीं न कहीं बदले हालात में पार्टी कई मुद्दों पर यू टर्न लेते हुए भी नजर आई। बहरहाल, लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को बेफिक्र दिखाने की बेताब कोशिश में पार्टी ने एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे- एक राष्ट्र,एक चुनाव- के मुद्दे को हवा दे दी है। पिछले दिनों स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राजनीतिक दलों से इस पहल का समर्थन करने के लिये एकजुट होने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि देश में वर्ष पर्यंत चलने वाले चुनाव भारत की प्रगति में बाधक बन रहे हैं। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है। अब इसे राजग का आशावाद कहें या अति आत्मविश्वास, जो उन्हें इस तथ्य को नजरअंदाज करने देता है कि कई राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराने का विरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिये भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है। सर्वविदित है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा जनाधार बढ़ाने के बावजूद भाजपा देश का प्रमुख राजनीतिक दल बना हुआ है। ऐसे में अगर मतदाता दो साल के बजाय पांच साल में अपने मताधिकार का प्रयोग करता है तो इसका भगवा पार्टी को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है। राजनीतिक पंडित राजग सरकार की एक राष्ट्र,एक चुनाव की मुहिम के पीछे ऐसी ही सोच बताते हैं। यह भी हकीकत है कि संसदीय चुनाव और विधानसभा चुनाव में अकसर अलग-अलग मुद्दे प्रभावी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराये जाने पर एनडीए के साथ गठबंधन न करने वाली क्षेत्रीय पार्टियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। निस्संदेह, लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों के लिये समान अवसर उपलब्ध होना जरूरी है। यह भारतीय जनता पार्टी के हित में होगा कि वह एक राष्ट्र,एक चुनाव, के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिये कड़ी मेहनत करे। साथ ही इसके व्यावहारिक पहलुओं को लेकर हितधारकों द्वारा उठाये गए संदेहों को दूर करने का प्रयास करे। निश्चिय ही यह राजग के लिये बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खचीर्ले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर इसके लागू होने से भारतीय संघीय ढांचे के लिये जो चुनौती पैदा होगी, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैसे इस बार यदि केंद्र सरकार हरियाणा व जम्मू कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र व झारखंड में भी विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रयास करती तो एक राष्ट्र,एक चुनाव के गुण-दोषों का मूल्यांकन करने में मदद मिलती। लेकिन केंद्र ने अपनी राजनीतिक सुविधा व समीकरणों के लिये ऐसी ईमानदार कोशिश नहीं की। वैसे भी भारत जैसे विविधता वाले देश में जाति, धर्म व संप्रदाय से ग्रसित सोच के बीच एक साथ चुनाव कराना खास जोखिम भरा भी है। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव के लिये एक साथ चुनावी मशीनरी तथा सुरक्षा बलों की उपलब्धता के यक्ष प्रश्न भी हमारे सामने खड़े हैं। ऐसे में इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे महिला अपराध

> **अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024' शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है**

देश के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यवहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए।



अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024' शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नये प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है। यह बिल पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा, उनसे पास होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए जाएगा। इससे पहले 2019 में आंध्र प्रदेश दिशा विधेयक और 2020 में महाराष्ट्र शक्ति विधेयक विधानसभा से पारित हुआ था। इन दोनों विधेयकों में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के सभी तरह के मामलों में अनिवार्य फांसी का प्रावधान किया गया था। इन दोनों विधेयकों को राज्य विधानसभाओं ने सर्वसम्मति से पारित किया था। लेकिन दोनों विधेयकों अभी तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ 2012 के पोक्सो अधिनियम के कुछ हिस्सों में संशोधन करने और पीड़िता की उम्र चाहे जो हो, कई तरह के यौन उत्पीड? के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान है। इस बिल में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध के लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। बीते महीने लागू हुए बीएनएस की धारा-64 में बलात्कार के लिए 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। वहीं बीएनएस की धारा-66 में बलात्कार और हत्या और ऐसे बलात्कार, जिनमें पीड़ित निष्क्रिय हो जाती है, उनमें मौत की सजा का प्रावधान है। इसमें 20 साल की जेल की या उम्र कैद की सजा का भी प्रावधान किया गया है।

गौरतलब है कि निर्भया कांड के बाद कानून को बहुत सख्त कर दिया गया था। रेप की परिभाषा भी बदल दी थी, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी लाई जा सके। पहले जबरदस्ती या असहमति से बनाए गए संबंधों को ही रेप के दायरे में लाया जाता था। लेकिन इसके बाद 2013 में कानून में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ाया गया। इतना ही नहीं, जुवेनाइल कानून में संशोधन किया गया था। इसके बाद अगर कोई 16 साल और 18 साल से कम उम्र का कोई किशोर जघन्य अपराध करता है तो उसके साथ वयस्क की तरह ही बर्ताव किया जाएगा। हालांकि, इन सबके बावजूद सुधार नहीं हुआ है। निर्भया कांड (2012) के बाद भारत में कई चर्चित बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक 17 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार और हत्या की घटना सामने आई। उत्तर प्रदेश के ही हाथरस जिले में एक 19 वर्षीय दलित लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार और अत्यंत बर्बरता की गई। पीड़िता की मृत्यु के बाद, उसके शव को परिवार की अनुमति के बिना रात के समय दफनाया गया। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई। पीड़िता की शिकायत के बावजूद, पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। हैदराबाद में एक महिला वेटरनरी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने व्यापक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया। अपराधियों को पकड? के लिए पुलिस ने कार्रवाई की, और बाद में आरोपी एनकाउंटर में मारे गए, जिसने विवाद और बहस को जन्म दिया। मणिपुर में एक महिला के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने हाल ही में बहुत ध्यान खींचा। इस मामले ने स्थानीय हिंसा और सामाजिक अस्थिरता को भी उजागर किया। साल 2013 में केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया फंड बनाया, जिसका मकसद राज्यों को महिलाओं की सुरक्षा को पुख्ता करना था। मगर, इसका अभी पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो पाया है। निर्भया फंड की 9 हजार करोड़ रुपये की धनराशि का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा भी सही से इस्तेमाल नहीं हो पाया है। निर्भया फंड बनने से लेकर 2021-22 तक, कोष के तहत कुल आवंटन 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा रहा है, जिसमें से 4,200 करोड़ रुपये का ही अब तक इस्तेमाल हो पाया है।

# आरएसएस के 'पंच प्रण' से बदलेगा भारत

आगामी विजयादशमी उत्सव पर संघ अपने सौवें वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं के लिए यह दिन भी किसी उत्सव से कम नही जो अपने इस राष्ट्रव्यापी राष्ट्रवादी संगठन के सौवें वर्ष के गौरव को अनुभव कर पा रहा है। विगत एक हजार वर्षो में आरएसएस पहला पूर्णरूपेण भारतीय संगठन है जो अपना सौ वर्ष पूर्ण कर रहा है। यह सौ वर्ष का कालखंड कोई फूलों की सेज नही रही बल्कि आरएसएस के प्रचारक और कार्यकर्ता हर पल हर दम संघर्षों से जूझते रहे है। स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजो से और स्वतंत्रता के बाद अंग्रेजों के अनुयायियों से संघर्ष जारी रहा है। संगठन के इन सौ वर्षों में कई बार प्रतिबंध लगे, राजनीतिक दबाव बनाये गए, स्वयंसेवकों को हर तरह से तोड़ने का प्रयास किया गया, स्वयंसेवको को प्रताड़ित किया गया, जेलों में ठुसे गए, यातनाएं दी गई लेकिन आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विरोधियों के लिए सीना ताने और समाज की सेवा के लिए नतमस्तक होकर खड़ा है। भारत को परम वैभव पर ले जाने का कार्य अनवरत कर रहा है।



आरएसएस ने अपने कार्य के अनुभव के आधार पर अपना विस्तार बहुयामी क्षेत्रों में किया। स्त्रियों को सबल बनाने के लिए राष्ट्र सेविका समिति बनाया, भारतीय समाज को वनवासियों से जोड़े रखने के लिए वनवासी कल्याण आश्रम बनाया, बस्तियों में सेवा कार्य करने के लिए सेवा भारती बनाया, विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिसद बनाया, भारतीय संस्कृति और परंपराओं के जनजागरण के लिए विश्व हिंदू परिषद बनाया, मजदूरों के हित के लिए भारतीय मजदूर संघ बनाया, राजनीति के क्षेत्र में कार्य करने के लिए भारतीय जनता पार्टी बनाया और ऐसे कुल संघ के 40 से ज्यादा संगठन है जो एक वटवृक्ष के नीचे कार्य कर रहे है। ऐसा भी नहीं है कि ये कुल संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अपने ही है बल्कि इन 40 संगठनों में ऐसे कई संगठन है जो आरएसएस के विचारों पर कार्य कर रहे है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विकास यात्रा विशाल बरगद के पेड़ जैसी है, जो सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन के लगभग हर क्षेत्र में विभिन्न सहयोगी संगठनों के माध्यम से काम करते हुए आज विशाल रूप ले चुका है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अपने सौ वर्षों के तटस्थ मंथन का परिणाम है कि भारत अपनी पूरी ताकत से पुनः विश्वगुरु बनने की ओर बढ़ रहा है।

संघ बहुत तेजी से चलने वाला संगठन नही है वो क्रमिक विकास के मॉडल को अपनाता है। संगठन में कार्य कर रहे लोगो का मानना है कि व्यक्ति निर्माण से समाज परिवर्तन और फिर व्यवस्था परिवर्तन जिससे राष्ट्र का स्वर्णिम विकास हो सकें। इसी क्रम में आरएसएस के प्रचारकों और स्वयंसेवकों के गहन मंथन और पूर्व के अनुभवों के बाद अपने शताब्दी वर्ष पर समाज हित में कुछ विषयों पर कार्य करने का प्रण लिया है। जिसमें सामाजिक समरसता , कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण , स्वदेशी जागरण और नागरिक कर्तव्य है। यही आरएसएस का पंच प्रण भी है। इन प्रण को सूक्ष्मता से देखेंगे तो सम्पूर्ण भारत इस कार्य योजना निहित है। जहाँ समाज को जाति पाती से उठकर समरस बनाने का, संयुक्त परिवार की ताकत बताने का, बढ़ते जलवायु परिवर्तन के रोकथाम करने का, भारतीयों के अंदर स्वदेशी भाव जगाने का और समाज के प्रति व्यक्ति के कर्तव्यों का जनजागरण करना पंच प्रण में निहित है। आरएसएस की यह कार्य योजना राजनीति के प्रपंच से कोसो दूर है। शुद्धरूप से 24 कैरेट समाज का कार्य है। संघ में कहा जाता है सूचना के बाद सोचना नहीं। इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नही है कि कोई फतवा जारी हो गया तो उसका पालन करना है।

इसका अर्थ है सूचना से पहले संघ में गहन मंथन हुआ है जिसका अमृत परोसा गया है और यही अमृत पंच प्रण है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता समाज से पहले इन पंच प्रण को स्वयं से और अपने परिवार से शुरू किया है। सेवा बस्तियों में हिन्दू त्योहारों को उनके साथ मनाना, भोजन करना और अपने परिवार के कार्यक्रमों में सम्मिलित करना शुरू किया है।

यह समरसता का कार्य है। जिन स्वयंसेवकों के संयुक्त परिवार किन्हीं न किन्हीं कारणों से बिखर गए उन्हें फिर से जागृत करने का काम स्वयंसेवक अपने परिवार से कर रहा है। गाँव से लेकर शहर तक परिवारजनों में संवाद पुनः स्थापित हो इसपर कार्य कर रहा है। यह परिवार प्रबोधन का कार्य है। प्लास्टिक का कम उपयोग करना, आवश्यकता अनुसार ही जल और वाहन का उपयोग करना, नदियों की सफाई, अपने घरों में पौधा रोपण करना, बिजली बचाना यह स्वयंसेवक अपने परिवार में कर रहा है। यह पर्यावरण संरक्षण का कार्य है। आज देश के किसी भी स्वयंसेवक परिवार में जाइये वहाँ अब ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी चीजे देखने को मिलेगी। हस्तनिर्मित समान, मटका जैसे कई चीजें सहज देखने को मिलता है। यहाँ तक कि स्नानघर और शौचालय तक में भी स्वदेशी समान मिलेंगे। यह स्वदेशी का कार्य है। स्वयंसेवक आज पुलिस के डर से नही बल्कि सुरक्षा हेतु हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग कर रहा है। कमरे से निकले पर स्विच बंद करना, टिकट लेकर ही यात्रा करना, समाज और सरकार के नियमों का शब्दशः पालन करना स्वयंसेवक निष्ठा से कर रहा है। यह नागरिक कर्तव्य का बोध है।

आरएसएस का यह पंच प्रण स्वयंसेवक परिवारों से निकल कर समाज में व्यापकरूप में स्थापित होगा तब सही मायनों में रामराज्य की कल्पना साकार होगी। आरएसएस इसी दिशा में कार्य कर रहा है। आज संघ की दृष्टि समाज परिवर्तन की है जिससे राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके। विश्व चिंता कर रहा है, अंतराष्ट्रीय बैठके हो रही है, सर्वे और रिसर्च किये जा रहे है की कैसे विश्व में विकास के साथ शांति स्थापित हो सके। जन जन में संतुष्टी का भाव उत्पन्न हो सके। आरएसएस का यह पंच प्रण ही एकमात्र मार्ग है जो विकास के साथ शांति दोनों स्थापित कर सकता है। संघ का यह प्रण भारत के लिए यह कोई अनूठा प्रयोग नहीं है बल्कि यह भारतीय संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। आरएसएस केवल उस संस्कृति परंपरा को आमजन से जोड़ने का कार्य कर रहा है। गुलामी के एक हजार वर्षो के लंबे कालखंड में भारत अपना मूल भूल गया है। स्वाभाविक भी है गुलामी के इतने लंबे कालखंड में भारत को खंडित करने और उसके मूल विचार से दूर करने का प्रयास हुआ। लेकिन आज पुनः भारत संघ और समाज के संयुक्त प्रयासों से अपने मूल की ओर बढ़ चला है।

आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत के मूल विचार को पुर्नजीवित करने का कार्य कर रहा है। यह प्रयास पंच प्रण के माध्यम से किया जा रहा है। लेकिन यह तभी संभव हो सकता है जब सम्पूर्ण भारत राजनीतिक वैचारिकी को पीछे रख कर राष्ट्रप्रथम के भाव से एक सुर में एकजुट होकर कार्य करेगा तो नया भारत समरस, समृद्ध और शक्तिशाली होगा।

# अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में चीन से आगे निकलता भारत

अर्थ के कई क्षेत्रों में आज भी पूरे विश्व में चीन का दबदबा कायम है जैसे चीन विनिर्माण के क्षेत्र में विश्व का केंद्र बना हुआ है। विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं (इमर्जिंग देशों) के शेयर बाजार के आकार के मामले में भी चीन का दबदबा लम्बे समय से कायम रहा है। परंतु, अब भारत उक्त दोनों ही क्षेत्रों, (विनिर्माण एवं शेयर बाजार), में चीन को कड़ी टक्कर देता दिखाई दे रहा है तथा हाल ही में तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजार सम्बंधी इंडेक्स में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

दरअसल पूरे विश्व में संस्थागत निवेशक विभिन्न देशों, विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं, के शेयर बाजार में पूंजी निवेश करने के पूर्व वैश्विक स्तर पर इस संदर्भ में जारी किए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण इंडेक्स पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं। अथवा, यह कहा जाय कि इन इंडेक्स के आधार पर अथवा इन इंडेक्स की बाजार में चाल पर ही वे इन देशों के शेयर बाजार में अपना निवेश करते हैं तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इन संस्थागत निवेशकों में विभिन्न देशों के पेन्शन फंड, सोवरेन फंड, निवेश फंड आदि शामिल रहते हैं जिनके पास बहुत बड़ी मात्रा में पूंजी की उपलब्धता रहती है एवं वे अपनी आय बढ़ाने के उद्देश्य से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजार में अपना निवेश करते हैं। इस संदर्भ में टरउक ऐंी१ॅल्लॅ ट२१ी३ क्टक (क्ल्ल५ी२३ुी ट२१ी३ क्ल्लाी७) क्ल्लाी७ का नाम पूरे विश्व में बहुत विश्वास के साथ लिया जाता है। विश्व प्रसिद्ध निवेश कम्पनी मोर्गन स्टेनली ने अपने प्रतिवेदन में बताया है कि इस इंडेक्स में 24 तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं (इमर्जिंग देशों) की 3,355 कम्पनियों के शेयरों को शामिल किया गया है। पिछले 15 वर्षों से यह प्रचलन चल रहा है कि इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स (क्टक) में चीन की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है परंतु धीरे धीरे अब चीन की भागीदारी इस इंडेक्स में कम हो रही है एवं इस वर्ष अब भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस इंडेक्स में प्रतिशत में चीन की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है और भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इस इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ते हुए चीन से आगे निकल आई है और भारत की हिस्सेदारी अब 22.27 प्रतिशत से अधिक हो गई है एवं चीन की हिस्सेदारी कम होकर 21.58 रह गई है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है और इसका आशय यह है कि जो निवेशकर्ता इस इंडेक्स के आधार पर अपना निवेश तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में करते हैं वे अब भारत की ओर अपना रूख करेंगे। दूसरे, पिछले कुछ वर्षों से विदेशी निवेशक भारत से निवेश बाहर निकालते रहे हैं क्योंकि उनको भारतीय शेयर मंहगे लगाने लगे थे। परंतु, अब यह विदेशी निवेशक भी भारत की ओर रूख करेंगे। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भारत का वेट बढ़ने से इस प्रकार के निवेशक भी भारत में आएंगे ही और भारत में 400 से 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नया निवेश करेंगे। एक अन्य टरउकवैश्विक सूचकांक में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 2 प्रतिशत हो गई है। परंतु, टरउकइमर्जिंग मार्केट इननवेस्टिबल फड इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 22 प्रतिशत से अधिक हो गई है। वैश्विक स्तर पर निवेश करने वाले बड़े फंड्ज का निवेश सम्बंधी आबंटन भी इसी हिस्सेदारी के आधार पर होने की सम्भावना है। इन्हीं कारणों के चलते अब आने वाले समय में भारत के शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अपना निवेश बढ़ाए जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। वैसे भी चीन की अर्थव्यवस्था में अब विकास दर कम हो रही है क्योंकि पिछले कुछ समय से चीन लगातार कुछ आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा है। चीन की विदेश नीति में भी बहुत समस्याएं उभर रही हैं विशेष रूप से चीन के अपने लगभग समस्त पड़ौसी देशों के साथ राजनैतिक सम्बंध ठीक नहीं हैं। चीन के शेयर बाजार में देशी निवेशक ही अधिक मात्रा में भाग ले रहे थे और वे भी अब अपना पैसा शेयर बाजार से निकाल रहे हैं। इन समस्याओं के पूर्व टरउकइमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में चीन ओवर वेट था और भारत अंडर वेट था। परंतु, पिछले दो वर्षों के दौरान स्थिति में तेजी से परिवर्तन हुआ है। चीन की अर्थव्यवस्था में आई समस्याओं के चलते चीन का इस इंडेक्स में खराब प्रदर्शन रहा है, उससे चीन की हिस्सेदार इस इंडेक्स में कम हुई है। दूसरा, भारत अपने आप में विभिन्न आयामों वाला शेयर बाजार है क्योंकि यहां निवेशकों को सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा एवं गैस, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, होटेल, बैंकिंग एवं वित्त आदि जैसे लगभग समस्त क्षेत्र मिलते हैं। इसके विपरीत ताईवान के शेयर बाजार में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कम्पनियों की 60 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है, इसी प्रकार, सऊदी अरब में तेल कम्पनियों की 90 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है। इस प्रकार ये देश पूर्णतः केवल एक अथवा दो क्षेत्रों पर ही निर्भर हैं जबकि भारत में विदेशी निवेशकों को कई क्षेत्रों में निवेश का मौका मिलता है। भारत एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था शीघ्र ही पांचवे स्थान से आगे बढ़कर तीसरे स्थान पर आने की तैयारी में है। भारत में सशक्त वित्तीय प्रणाली के साथ ही सशक्त प्राइमरी मार्केट भी है। भारत में स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियों की संख्या भी बहुत तेजी से बढ़ रही है, इन स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियों को भी तो वित्त की आवश्यकता है, जिनमें विदेशी निवेशक अपनी पूंजी का निवेश कर सकते हैं।

> **दरअसल पूरे विश्व में संस्थागत निवेशक विभिन्न देशों, विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं, के शेयर बाजार में पूंजी निवेश करने के पूर्व वैश्विक स्तर पर इस संदर्भ में जारी किए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण इंडेक्स पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं**

## बिजली विभाग ने चलाया अभियान, 1.65 लाख बकाया बसूला



**चिरैयाकोट, मऊ।** बिजली उपखण्ड क्षेत्र के ताजपुर, खर्का, नूरपुर बिजली उपकेंद्र के टंडवा, अकबरपुर गांव के स्थानों में बृहस्पतिवार को दोपहर से शाम चार बजे तक बिजली विभाग के चिरैयाकोट बिजली उपकेंद्र के जेई अर्जुन कुशवाहा तथा हिरनपुर बिजली उपकेंद्र के दिवाकर कुमार द्वारा लोगों के घरों में चोरी से बिजली का उपभोग कर रहे लोगो के घरों पर छापेमारी की गई। जिसमें 1 लाख 65 हजार रुपये बकाया की वसूली किया गया है। इस कार्यवाई में पंजीकृत अधिभार से अधिक खर्च करने की दशा में दस लोगो के घरों मे लोड बढ़ाया गया तथा बिजली बिल का भुगतान न करने पर 38 लोगो के घरों की बिजली आपूर्ति को बंद कर दी गई। पांच लोगो के घरों का नया कनेक्शन किया गया। इस टीम छापेमारी करने वाले जे.ई. अर्जुन कुशवाहा, उपखंड हिरनपुर के अवर अभियंता दिवाकर कुमार के साथ कर्मचारी दीपक सिंह, सोनू खान, मंजूर, मुन्ना, हृदय नारायन चौहान, सोनू यादव, यशवंत सिंह, अरुण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## न्यायालय में 20 सितम्बर तक मनाया जायेगा हिंदी दिवस

**बलिया।** 14 सितंबर को हिन्दी दिवस का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमित पाल सिंह के द्वारा किया गया ।जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में हिन्दी दिवस पर चर्चा की गयी। जिसमें उपस्थित अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं अन्य सभी लोगों से यह अपील की गयी के 14 से 20 सितम्बर तक होने वाले हिन्दी सप्ताह में शुद्ध देवनागरी लिपि में काम करें। सिविल जज, सीनियर डिवीजन, दीवानी न्यायालय, गार्गी शर्मा को हिन्दी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। यह जानकारी हरीश कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया द्वारा दी गयी।

## नाली निर्माण होने से रामलीला मैदान में नहीं बहेगा घरों का गंदा पानी



**चिरैयाकोट, मऊ।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 12 युसूफाबाद स्थित रामलीला मैदान के पूरब तरफ से नाली निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है जिससे अब आधा दर्जन लोगों के घरों का गंदा पानी रामलीला मैदान में नहीं बहेगा। चिरैयाकोट नगर पंचायत प्रशासन एवं थाना प्रभारी योगेश यादव तथा उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के कारण काफी पुराना वाद विवाद खत्म हो गया है। उस मामले को लेकर नगर प्रशासन द्वारा प्रति वर्ष रामलीला मैदान की साफ-सफाई करवाना पड़ता था तथा उस मैदान में कुछ लोगों द्वारा कूड़ा फेंकने से लेकर गंदगी को लेकर दोनों पक्ष के साथ थाना प्रभारी ने बैठक करते हुए। मामले का समाधान मौके पर कर दिया गया। विपक्षी द्वारा विरोध पर राजस्व टीम ने भूमि की पैमाइश करके मौके पर समाधान कर दिया। जिससे बुधवार से नाली निर्माण कार्य शुरू हो गया है ।अब लोगों के घरों का गंदा पानी मैदान में नहीं बहेगा,जिससे भविष्य में हो रही गंदगी अब समाप्त हो जायेगा। अब पहले की भांति रामलीला मैदान स्वच्छ एवं सुंदर नजर आयेंगा।

## साइबर क्राइम की टीम ने वापस कराई धनराशि




घोसी, मऊ। कोतवाली क्षेत्र के धरौली गांव निवासी एक युवक से कन्या सुमंगला योजना के तहत पैसा भेजने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कॉल के माध्यम से ऑनलाइन 48484 रुपये की ठगी की धनराशि पीड़ित के खाते में शत प्रतिशत घोसी कोतवाली की साइबर क्राइम की टीम ने वापस कराया। पैसे वापस पाकर पीड़ित का चेहरा खिल उठा। घोसी कोतवाली क्षेत्र के धरौली गांव निवासी अभिषेक कुमार पुत्र राम अवध से किसी अज्ञात व्यक्ति ने मोबाईल फोन के माध्यम से कन्या सुमंगला योजना की धनराशि भेजने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करते हुए बैंक आफ बडौदा के खाते से 48484 रुपये ऑनलाइन निकाल लिए थे। जिसकी अभिषेक कुमार ने साइबर क्राइम में शिकायत किया तो त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त धनराशि को होल्ड कर दिया था। जिसकी विवेचना कर रहे साइबर क्राइम के उपनिरीक्षक मोतीलाल पटेल, महिला सिपाही निशा सिंह एवं दीक्षा सिंह ने 18 सितम्बर 2024 को पीड़ित अभिषेक कुमार के खाते में 48484 रुपये वापस कराया ।जिसे पाकर अभिषेक कुमार का चेहरा खिल उठा।

# डीएम पहुंचे बाढ़ प्रभावित गांवों में

### टूटे एनएच 31 की सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन शुरू कराने के दिए निर्देश



**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार और पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बृहस्पतिवार को तहसील बैरिया के अंतर्गत चाद दियर पुलिस चौकी के पास टूटे एनएच-31 और नाव से बाढ़ से प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने एनएच 31 के अधिकारी से वार्ता कर निर्देश दिया कि मिजार्पुर से कम से कम 8 ट्रक बोल्डर आज शाम तक गिरवाकर किसी भी हाल में शुक्रवार की शाम तक सड़क का मरम्मत कर आवागमन चालू कराने का निर्देश दिया।

एसडीएम सुनील कुमार को निर्देश दिया कि सड़क बन जाने के बाद गावों में घुसे पानी को कई पंपिंग सेट लगाकर निकाला जाए। अगर दो मीटर पानी भी निकल जाए तो काफी राहत हो सकती है। जिलाधिकारी ने बताया कि रात्रि 1:30 बजे बाढ़ के पानी से सड़क कट जाने के बाद सभी प्रशासनिक अधिकारियो, एनडीआरएफ और पुलिस फोर्स की तत्काल मौके पर भेजा गया। बाढ़ से प्रभावित गांव को बचाने के लिए चार बोट और एनडीआरएफ के माध्यम से गांव के व्यक्तियों को बचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि नाव की क्षमता के हिसाब से व्यक्तियों को बैठाएं और बोट में बैठने वाले व्यक्तियों की सूची अवश्य बना लें। बोट में फोर्स भी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने नाव से बाढ़ से प्रभावित गांवों में पहुंचे। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी चार से पांच मीटर भरा हुआ है और गंगा नदी खतरा बिंदु से दो मीटर ऊपर बह रही है। यहां की आबादी लगभग 1000 से 1200 जो बाढ़ से प्रभावित है। एडीएम को निर्देश दिया कि राहत शिविरों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए और खाने पीने की व्यवस्था की जाय। निरीक्षण में एसडीएम बैरिया सुनील कुमार, एडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गुणवत्ता का ध्यान रखें व्यापारी- मुन्ना प्रसाद गुप्ता

**घोसी, मऊ।** नगर पंचायत घोसी के सभागार में व्यापार मंडल घोसी की एक दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें व्यापारियों को साफ सफाई के साथ ही रख रखाव आदि की प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी के आदेश एवं सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सुरेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को नगर पंचायत घोसी के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, व्यापार मंडल घोसी एवं नगर पंचायत घोसी के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कॉर्पोरेट ट्रांजैक्शन एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली से आये ट्रेनर के द्वारा खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा के प्रति प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत घोसी के चेयरमैन मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने कहाकि आप सभी को चाहिए कि अपने दुकान में साफ सफाई की उचित व्यवस्था करें। इसके साथ ही रखने वाले सामग्री के गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दें। जितना अधिक साफ सफाई एवं गुणवत्ता रखेगें उतना ही आपका खाद्य पदार्थ सुरक्षित होगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी घोसी अमित कुमार राणा ने कहाकि सभी व्यापारी अपने सामानों को उचित तरीकें से रखें और निर्धारित समय के अंदर ही खाद्य पदार्थों का विक्रय कर लें



अन्यथा आपके साथ ही साथ उपभोक्ताओं के सेहत के लिए हानिकारक होगा। इसलिए निर्धारित समय के अंदर ही खाद्य पदार्थ का विक्रय करें। प्रशिक्षण शिविर को व्यापार मंडल के अध्यक्ष लाल बिहारी गुप्ता, रमेश साहनी आदि ने भी सम्बोधित कर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर बीके सिंह, आलोक आर्य, शाहीद जमाल, गुड्डू भाई, नदीम खान, श्रीकांत, उमाकांत, बुद्धन, पंकज श्रीवास्तव, गोपीचंद आदि उपस्थित रहे।

## दीक्षांत समारोह में सम्मानित होगी सुमित्रा गुप्ता

**घोसी, मऊ।** महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के 23 सितम्बर 2024 को होने वाले प्रथम दीक्षांत समारोह में घोसी तहसील क्षेत्र के बनियापार सैयदताहिर गांव निवासी एवं रामलगन गर्ल्स डिग्री कॉलेज अमिला से बीएड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यपाल/कुलपति आनंदी बेन पटेल के कर कमलों द्वारा सुमित्रा गुप्ता को गोल्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। घोसी तहसील क्षेत्र के बनियापार सैयदताहिर गांव निवासी एवं रामलगन गर्ल्स डिग्री कॉलेज अमिला से शैक्षणिक सत्र 2021-23 में सुमित्रा गुप्ता ने प्रथम प्रयास में उत्कृष्ट अंक अर्जित करके अपने माता पिता के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में सुमित्रा गुप्ता बीएचयू बाराणसी



से शिक्षा संकाय से एमएड की शिक्षा ग्रहण कर रही है। इस ससफलता पर महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलसचिव ने पत्र जारी करते हुए सुमित्रा गुप्ता के साथ ही माता या पिता में से किसी एक को दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की है। इस सफलता पर सुमित्रा गुप्ता ने कहाकि बेटियों को बोझ समझने के बजाय पढ़ा लिखा कर योग्य बनाये। जिससे बेटियां अपने पैरो पर खड़ा हो सकें और अपने माता पिता का नाम रोशन कर सकें। बेटियों की इच्छा शक्ति को दबाये नहीं बल्कि उनका उत्साह वर्धन करें। जिससे वे आसानी से अपनी मंजिल पा सकें। इस सफलता का श्रेय अपने माता रेखा गुप्ता, पिता सत्येंद्र कुमार गुप्ता, प्राचार्य डा. सुमन यादव, डा श्यामकृष्ण यादव , डा रामकृष्ण यादव आदि को दी है।

## स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत रैली निकाल लोगो को किया जागरूक

**घोसी, मऊ।** आदर्श नगर पंचायत घोसी के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों के साथ ही सभासदों ने गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय घोसी से मझवारा मोड़ तक स्वच्छता रैली निकालकर सभी सभासदों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। जागरूकता जुलुस के मझवारा मोड़ पहुंचने पर जुलुस में शामिल लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को आदर्श नगर पंचायत घोसी के कार्यालय से सभासदों के साथ ही कर्मचारियों ने स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर कर सभी को जागरुक करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुक की शपथ दिलाया। स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए दूसरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए




संकल्प दिलाया। उन्होंने कहाकि उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार 17 सितम्बर से दो अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मनाया जायेगा।

जिसके तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार, चेयरमैन मुन्ना प्रसाद गुप्ता, सभासद जुल्फेकार अहमद, नेहाल अख्तर, अजित सोनकर, मुन्ना खान, सरफराज अहमद, सागर कुमार , खुर्शीद, नेसार, आफताब अहमद, प्रेमचंद, फिरोज हैदर के साथ ही राकेश पांडेय, अरशद, अमरेंद्र श्रीवास्तव, रमाकांत, विमलेश, शादाब, अमजद, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# रेडक्रॉस सोसाइटी देगी अंधता पीड़ित बालिका को एक लाख की मदद

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा, कार्यालय के लिए भवन देने की मांग, रेडक्रॉस लगाएगी स्वास्थ्य शिविर



**मऊ।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मऊ की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल सचिव वीरेंद्र इंजीनियर के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला उन्हें ज्ञापन सौंप कर समिति के लिए भवन की मांग किया गया साथ ही अंधता पीड़ित सोनीधापा इंटर कॉलेज की छात्रा को रुपए 1 लाख आर्थिक मदद देकर चेन्नई भेजना की बात बताई। रेड क्रॉस की ओर से कई स्वास्थ्य शिविर लगाने की योजना से भी अवगत कराया गया। गुरुवार की सुबह रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर उन्हें पत्र सौंपा।

यहां सोसाइटी के हरिद्वार राय ने बताया कि रेड क्रॉस के लिए आज तक कार्यालय के लिए भवन उपलब्ध नहीं हो सका है ऐसी स्थिति में सामाजिक कार्य करने के लिए काफी कठिनाइयों होती हैं।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव इंजीनियर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सोनी थापा बालिका इंटर कॉलेज की एक पीड़ित बालिका की मदद के लिए रुपए 100000 देने का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है उसे चेन्नई भेजने के लिए ?1 लाख का चेक जल्द ही प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अमर वाणी स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं जाड़े के वस्त्र उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना बना ली गई है अक्टूबर माह में उन्हें मुहैया कराया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप सिंह बनाए गए हैं जबकि डीएवी इंटर कॉलेज में प्रारंभिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड के लिए ट्रेनिंग का कार्य होगा यहां पर फर्स्ट एड का कट स्कूलों को प्रदान किया जाएगा इसके लिए संयोजक रमाकांत पांडे नियुक्त किए गए हैं।

श्री कुमार ने मांग किया कि जनपद के विद्यालयों से रेड क्रॉस सोसाइटी का अंशदान नहीं मिल पा रहा है। इसलिए कार्यवाही थोड़ा प्रभावित हो रहा है।

मामले में जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही भवन कार्यालय के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

ताकि कार्य सुचारू से क्रियान्वित हो सके। जिलाधिकारी ने रेड क्रॉस के कार्यों को सराहा। इसके पहले सभापति डॉ सं खत्री की अध्यक्षता में बैठक भी हुई जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई बैठक में मुख्य रूप से देव भास्कर तिवारी,रमाकांत पांडे, हरिद्वार राय,प्रदीप सिंह,अजीत सिंह, डॉ रामगोपाल गुप्ता,डॉ सरफराज आदि मौजूद रहे।

## मानव श्रंखला बनाकर व मैराथन के द्वारा जन मानस को किया गया जागरूक

**मऊ।** मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजिनियर अभिषेक राय के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर विभिन्न कार्यक्रम मनाया जा रहा है। गुरूवार को मऊ स्टेशन पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तीसरे दिन मानव श्रंखला बनाकर एवम मैराथन के द्वारा जन मानस को जागरूक किया गया। इसके साथ ही स्टेशन पर लगे कूड़ा पात्रों जांच कर व्यापक साफ-सफाई की गई एवं स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में श्रमदान कर झाड़ियों को हटाया गया। इसके अतिरिक्त वाराणसी मंडल पर स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रहीं है। जिसमें बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान, कचरे की सफाई के साथ सेल्फी प्वाइंट बनाना, रेलवे की वेबसाइट पर ह्यस्वच्छता ही सेवाह्न लोगो/बैनर लगाना, ट्रेनों/स्टेशनों में कचरे के उचित निपटान के सम्बन्ध में यात्रियों को जागरूक करने के लिए नियमित घोषणा करना,



जागरूकता बढ़ाने के लिए ह्यह्यस्वच्छ रेल स्वच्छ भारतह्यह्य के नारे के साथ प्रभात फेरी निकालना, यात्रियों को जागरूक करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर गैर सरकारी संगठनों, धार्मिक निकायों और स्कूली बच्चों की मदद से नुक्कड़ नाटक आयोजित करना आदि शामिल है। इस अभियान में रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी अपना योगदान कर रहे हैं।

## बीज कीटों के प्रबंधन की तकनीकों की दी गई जानकारी

**मऊ।** भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, कुशमौर में निदेशक डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार के महत्त्वपूर्ण दलहनी फसलों जैसे चना, मूंग, मसूर, अरहर, आदि में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन में लाभकारी सूक्ष्मजीवों का प्रयोग कर कैसे किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। इसके बारे में बीज वैज्ञानिक डॉ अलोक कुमार ने विस्तार से बताया। क्षेत्रीय केंद्र बेंगलुरु से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अन्जिथा जॉर्ज ने सुरक्षित बीज भंडारण पद्धतियाँ और बीज कीटों के प्रबंधन की तकनीकों से कृषकों को अवगत कराया। कृषकों ने बीज कीट विज्ञान प्रयोगशाला में भंडारित बीजों में कीट प्रबंधन की तकनीकों के बारे में जानकरी प्राप्त



की। कृषकों ने भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ में बीज प्रसंस्करण, बीज गोदाम इकाई और बीज उत्पादन भूखंडों का क्षेत्रीय दौरा किया। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने कृषकों को प्रक्षेत्र में बोए गए धान के विभिन्न किस्मों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो के प्रधान वैज्ञानिक डॉ हर्षवर्धन सिंह ने गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन में कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीवों की भूमिका पर तथा वैज्ञानिक डॉ उदयभान सिंह ने महत्वपूर्ण धान्य, दलहन और तिलहनी फसलों में रोग प्रबंधन पर प्रकाश डाला। संस्थान के अन्य वैज्ञानिकों के साथ कृषकों ने अपने शंका के समाधान किए तथा लाभान्वित हुए।

## गोल्डमेडलिस्ट शिक्षक रामनिवास मौर्य से मिले बीएसए, दी शुभकामनाएं

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के सौसरवां प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, राष्ट्रपति व राज्य योग पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं हाल ही में स्टेट योगासन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल के लिए चयनित शिक्षक रामनिवास मौर्य से गुरुवार को बीएसए संतोष उपाध्याय ने मुलाकात की। उन्होंने प्राप्त मेडल व प्रमाणपत्र से गोल्डमेडलिस्ट शिक्षक का अभिनंदन किया एवं नेशनल प्रतियोगिता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान कीं। मुलाकात के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पाँचवीं योगासन स्पोर्टस चैम्पियनशिप 2024 के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

बता दें कि स्वर्ण पदक विजेता रामनिवास मौर्य ने बेसिक शिक्षा परिषद के तरफ से भाग लेते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस को पराजित कर अपनी जीत दर्ज करते हुए कर्नाटक में होने वाली नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस दौरान बीएसए संतोष उपाध्याय ने कहा कि स्वर्ण पदक जीतना इनके कठिन परिश्रम का फल है। रामनिवास मौर्य ने अपनी सफलता के पीछे सबकी




शुभकामनाओं, निरंतर अभ्यास व छात्रों के लिए कुछ निरंतर नया करते रहने की उत्कंठा का प्रतिफल बताया है। उन्होंने समस्त जनपदवासियों सहित तमाम शिक्षकों की शुभकामनाओं व स्वागत सम्मान प्रदान करने के लिए आत्मिक धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक सहेन्द्र सिंह, खेल बाबू प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## रामनवल पीजी कॉलेज ने किया स्वच्छता ही सेवा दिवस पर स्वच्छ रहने का संदेश

**चिरैयाकोट, मऊ।** स्वच्छता अभियान के तहत राम नवल सिंह स्मारक पीजी कॉलेज में स्वभाव एवं स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता संस्कार की शुरूआत की गई। जिसमें सबसे पहले चिरैयाकोट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी प्रशिक्षु उपस्थित हुए प्रांगण की सफाई के उपरांत वहां के प्रभारी डॉक्टर धर्मेंद्रमणि त्रिपाठी ने स्वच्छता अभियान के तहत प्रशिक्षकों को टी. वी.जैसी गंभीर बीमारियों से संबंधित बचाव के सुझाव से अवगत करवाया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि स्वच्छ रहकर ही इस प्रकार की बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। तत्पश्चात स्वच्छता अभियान के दूसरे व तीसरे दिन चिरैयाकोट शिव मंदिर जोतपहाड़ के प्रांगण एवं चिरैयाकोट थाना के प्रांगण की सफाई का अभियान किया गया। जिसमें सभी प्रशिक्षकों ने अपनी-



अपनी सहभागिता का निर्वहन किया।इस कार्यक्रम के संचालन मुख्य अधिकारी डॉक्टर स्वर्ण सिंह, डॉक्टर सदाशिव प्रताप एवं देवेंद्र प्रताप यादव ने सभी प्रशिक्षकों को स्वच्छता अभियान की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दिया। और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अमरजीत सिंह ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। स्वच्छता अभियान में यह स्पष्ट किया गया, कि स्वच्छ भारत के लिए स्वयं व अपने आसपास की सर्वप्रथम सफाई अनिवार्य है। जिससे समाज में लोग स्वस्थ एवं सुरक्षित रह सकते है। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2024 तक संचालित किया जायेगा, ताकि समाज को स्वच्छता अभियान से जोड़ा जा सके।

## पूर्वदशम छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों का मास्टर डाटा सत्यापन किये जाने के सम्बन्ध में

**कासगंज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शालिनी रंजन ने अवगत कराया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्कप्रतिपूर्ति कक्षा 11-12 योजनान्तर्गत मास्टर डाटा में सम्मिलित नवीन शिक्षण संस्थाओं 2024-25 एवं पुरानी संस्थाओं के ऑनलाइन सत्यापन का कार्य अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा लॉगिन से किया जाना है उल्लेखनीय है कि जब तक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की लॉगिन से शिक्षण संस्थाओं का सत्यापन नहीं होगा तब तक सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं के अल्पसंख्यक कैटेगिरी के छात्र, छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति रजिस्टेशन प्रक्रिया में उनके शिक्षण संस्था को चयन किये जाने का विकल्प प्रदर्शित नही होगा। अतः मास्टर डाटा लॉक किये जाने हेतु लम्बित संस्थानोंध्विद्यालयों की सूची अनुरोध के साथ प्रेषित है कि आप अपने पर्यवेक्षणधीन समस्त शिक्षण संस्थानों को मास्टर डाटा अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की लॉगिन से कराये जाने हेतु अपने स्तर से समस्त शिक्षण संस्थानों को निर्देशित करने का कष्ट करें साथ ही अवगत कराना है कि यदि किसी शिक्षण संस्थान द्वारा मास्टर डाटा जिला अल्पसंख्यक की लॉगिन से सत्यापित लॉक नहीं कराया जाता है तो उनकी संस्थान के अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रध्छात्राओं द्वारा छात्रवत्ति योजना हेतु ऑनलाईन आवेदन नहीं किया जा सकेगा। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व शिक्षण संस्थान का होगा।

## पिछड़ा वर्ग के आवेदको से पुत्री की शादी हेतु अनुदान योजना के आवेदन आमंत्रित

**कासगंज।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हेमेन्द्र स्वरूप ने अवगत कराया है कि अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोड़कर) के गरीब व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख प्रति वर्ष से अधिक न हो, उन्हें प्रदान किये जाने की योजना संचालित है। जिस हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। जिसमें शासनादेश के अनुसार प्रथम आवत-प्रथम पावत के सिद्धांत के अनुरूप पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला अथवा दिव्यांगजन आवेदकों को वरियता क्रम में रखते हुये शादी अनुदान की राशि 20 हजार रुपए प्रत्येक लाभार्थी की दर से वितरित की जायेगी। अवगत कराना है कि 31 मार्च 2025 तक होने वाली शादी के लिये पुत्री की शादी अनुदान हेतु शादी की दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक आवेदन ऑनलाइन कराकर संबंधित उपजिलाधिकारीध्खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा किया जायेगा। योजना का लाभ पाने हेतु विभागीय वेबसाइट पर दिये गये लिंक के माध्यम से ऑन लाईन आवेदन जनसेवा केन्द्र, लोकवाणी केन्द्र, साईबर कैफे अथवा निजी इन्टरनेट से निदेर्शों के अनुरूप कर-के आवेदन पत्र विस्तृतत जानकारी वेबसाइट या विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## राहुल गांधी की बयान बाजी के विरोध में उतरा भाजपा ओबीसी मोर्चा

### राहुल गांधी ने अमेरिका में आरक्षण को लेकर की थी बयान बाजी

**कासगंज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा भारत में आरक्षण को लेकर बयान बाजी करने के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय पर गुरूवार को एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा की अगर राहुल गांधी आरक्षण को लेकर दिये बयान के बारे में माफी नहीं मांगेंगे, तो ओबीसी मोर्चा देश एवं प्रदेश में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा ।



बतादें कि पिछले दिनों अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण को समाप्त करने के लिए एक बयान दिया था, इसी के चलते गुरूवार को कासगंज में ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज ने भाजपा जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी एवंओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष खूब सिंह लोधी के साथ एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज ने कहा कि इसी तरह देश के आजादी के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को सन 1956 में खारिज करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी लिखकर आरक्षण का विरोध करते हुए कहा था, कि आरक्षण से दूसरे दर्जे की प्रतिभाओं का विकास होगा। इसी तरह तत्कालीन प्रधानमंत्री की आरक्षण विरोधी मानसिकता का अनुसरण उनके उत्तराधिकारी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को ठंडा बस्ती में ही रखा, उसके बाद राजीव गांधी ने तो मंडल आयोग की सिफारिश का विरोध करते हुए संसद में प्रधानमंत्री के तौर पर एक लंबा भाषण देते हुए मंडल आयोग की रिपोर्ट को ही खारिज कर दिया था। इससे साफ तौर पर सिद्ध होता है कि गांधी परिवार आरक्षण विरोधी मानसिकता की पुनरावृति का परिचायक है। इतना ही नहीं गांधी परिवार ने जामिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को मुस्लिम विश्वविद्यालय घोषित करने के पीछे पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की आरक्षण के अधिकार को पूरी तरह से उनसे छीनने की शरारत है। वहीं जम्मू कश्मीर में तो धारा 370 के बहाने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जम्मू कश्मीर में पिछड़ों एवं दलितों के आरक्षण के हक को ही छीन रक्खा था, साथ ही साथ उनके विधानसभा में उनके वोट का संवैधानिक अधिकार ही छीन लिया था। डॉक्टर अंबेडकर को चुनाव में हराने का कार्य करने वाले जवाहरलाल नेहरू की पिछड़ी व दलित विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। इसी पिछड़ा दलित मानसिकता को देखते हुए राहुल गांधी के द्वारा भी अमेरिका में आरक्षण समाप्त करने वाला बयान बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने वाले बयान को लेकर पूरे देश एवं प्रदेश में पिछड़ा मोर्चा वर्ग के द्वारा विरोध प्रदर्शन करेगा। वही भाजपा जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी द्वारा बताया गया कि हमारे देश में जिस जिस प्रदेश में इंडी गठबंधन की सरकार हैं, जैसे पश्चिम बंगाल तेलंगना कर्नाटक, वहां पिछड़े वर्ग के आरक्षण का हक छीन कर एक विशेष समुदाय के लोगों को दिया जा रहा है, इससे यह सिद्ध होता है की इंडी गठबंधन की सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग की पूर्ण विरोधी है।

वही ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष खूब सिंह लोधी ने बताया कि राहुल गांधी के द्वारा इस बयान बाजी को लेकर ओबीसी मोर्चा कासगंज जनपद में पूरी तरह से आंदोलन के लिए तैयार है, यह आंदोलन जब तक बंद नहीं होगा जब तक कि राहुल गांधी के द्वारा माफी ना मांगी जाएगी। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, सतेंद्र कश्यप बॉबी, अनिरुद्ध प्रताप सिंह चैहान, शिव प्रताप सिंह सोलंकी, सर्वेश दुबे, गौरव पाल, प्रदीप चैहान, धरमवीर सिंह सोलंकी, हिमांशु उपाध्याय,सहित बड़ी संख्या में भाजपा के लोग उपस्थित रहे।

## एबीवीपी विभाग एटा की बैठक संम्पन्न



**कासगंज।** नगर के सोरों गेट स्थित कासगंज ब्लॉक परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एटा विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवास पर आए महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विपिन गुप्ता व प्रांत संगठन मंत्री ब्रज प्रान्त अंशुल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विभाग की बैठक दो सत्र में संपन्न हुई। जिसमें संगठनात्मक और कार्ययातमक, आगामी कार्यक्रम, इकाई गठन, परिसर चलो अभियान जैसे विभिन्न प्रमुख विषय पर विस्तार रूप चर्चा हुई। महाकौशल प्राण से आए प्रांत संगठन मंत्री विपिन गुप्ता ने कॉलेज कैंपस में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं कार्यकताओं को संगठन में जोड़ने व कार्य करने के लिए मुख्य बिंदु बताए। बैठक में प्रांत उपाध्यक्ष राम अवध यादव, प्रांत सहमंत्री तेजेन्द्र लोधी, विभाग संगठन मंत्री नीरज, विभाग प्रमुख सौरभ दीक्षित, विभाग संयोजक मृदुल तिवारी, विभाग छात्रा प्रमुख नेहा, जिला प्रमुख अंकित, नगर अध्यक्ष अंजना वशिष्ठ, शिवम यादव, यश मिश्रा, शिवांग नायक, अभिषेक यादव सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कासगंज व एटा की प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद ने किया पेट्रोल पंप का शुभारंभ



पटियाली। कस्बा पटियाली के स्टेशन रोड स्थित भारत सरकार के उपक्रम इंडियन ऑयल के नव निर्मित अरिन पेट्रोल पंप का शुभारंभ पूर्व सांसद राजवीर सिंह ने फीता काट कर किया। इस अवसर क्षेत्र वासियों व ग्राहकों को संबोधित करते हुए राजवीर सिंह ने कहा उपभोक्ताओं की मांग के दृष्टिगत पेट्रोल पंप स्थापित होने से उपभोक्ताओं की पूर्ति होगी। इस अवसर पर विधायक कासगंज देवेंद्र सिंह, अमाँपुर विधायक हरिओम वर्मा, उच्चतर शिक्षा आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर नीरज किशोर मिश्र, राकेश चतुवेर्दी, मुकेश चतुवेर्दी, संजीव चैहान, भाजपा नेता डा.शिव प्रताप सिंह, श्याम सुंदर गुप्ता ,शम्मी कपूर, गौरव गुप्ता, मेगेंद्र सिंह राठौर, ऋषिपाल सिंह चैहान, कौशल किशोर चैहान, अनुज प्रताप, आमोद, धर्मेंद्र शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, बंटी, अवधेश पांडेय, अरुण दुबे, जितेंद्र प्रधान, राठौर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कटनी जिला मधप्रदेश फ्रीलेंस रिपोर्टर सतेंद्र जैन

### प्रभारी मंत्री श्री सिंह 21 को कटनी जिले के प्रवास पर रहेंगे



**कटनी।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह शनिवार 21 सितंबर को दोपहर 12 बजे सड़क मार्ग से नरसिंहपुर जिले के ग्राम लोलरी से व्हाया जबलपुर होते हुए कटनी पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह यहां शनिवार को दोपहर 12:15 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे जिला स्तरीय अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा करेंगे और दोपहर 2:45 बजे भाजपा कार्यालय मे जनप्रतिनिधियों एवं आमजन से सौजन्य भेंट करेंगे। प्रभारी मंत्री इसी दिन दोपहर 3:45 बजे नगर वन झिंझरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण और शाम 4:15 बजे भदौरा नंबर -1 बड़वारा मे कंप्यूटर लैब का उद्घाटन करेंगे और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित कर पौधारोपण करेंगे। प्रभारी मंत्री इसी दिन शाम 5 बजे भदौरा से ग्राम लोलरी नरसिंहपुर के लिए सड़क मार्ग से प्रस्थान करेंगे

## गंदगी, जलभराव व टूटी सड़क एटा रोड की पहचान

### जलभराव और कीचड़ से लोगों को आवागमन में होती है परेशानी

### लोगों ने जिलाधिकारी से समस्या के निस्तारण की मांग की



**कासगंज।** कस्बा अमांपुर का एटा रोड आज भी विकास की राह देख रहा हैं। विकास की आस में अरसा बीत गया। अब लोग कहने लगे है कि कोई तो बताए आखिर मार्ग कब बनेगा। टूटा मार्ग और जलभराव से लोग परेशान हैं। गड्डों में जलभराव होने से दो पहिया वाहन चालक और राहगीर आए दिन इन गड्डों में फंसकर गिरते हैं। और चोटिल हो जाते हैं। एटा रोड पर जलभराव और कीचड़ से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना होता है। स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओ और राहगीरों को गंदगी और जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। जगह-जगह पर गड्ढे होने के कारण जलनिकासी संभव नहीं हो पा रही है। इस वजह से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के गुजरने पर दुर्घटनाएं भी होती है। लोग फिसल कर गिर रहे है। राहगीरों और स्कूल जाने वाले बच्चों को यहां से गुजरने में परेशानी होती है। सड़क पर गड्डों में पानी भरे होने के कारण उन्हें उसकी गहराई का पता नहीं लग पता है। और दो पहिया वाहन चालक इनमें फंसकर गिर जाते है। और चोटिल होते है। यह रास्ता जाटऊ, इसेपुर, अल्लीपुर, पूरनपुर, अभयपुरा, मझौला,फाकौता, नादरमई, शेरपुर आदि गांवों को जाता हैं। ग्रामीणों की मानें तो कई बार जिला प्रशासन को भी अवगत कराने के बाद भी कोई भी कार्रवाई नही हुई है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियां हो रही हैं। लोगों ने एक बार पुनरू जिला प्रशासन को समस्या से अवगत कराते हुए जल्द समाधान की मांग की हैं। मांग करने वालों में बिजेश वर्मा, डॉ भगवान सिंह राजपूत, नरेश राजपूत, सत्यप्रकाश सोलंकी, सभासद राजकुमार, सुधीर यादव, विजय सिंह, भंवर पाल शाक्य, अनुज सोलंकी, आकाश शाक्य, मुन्नालाल जाटव, कैलाश शाक्य, राजेन्द्र वर्मा, रामदास, घनश्याम बघेल, अकित, रामसिंह शाक्य, विकास यादव, सजीव यादव, दिनेश कुमार, नाथूराम आदि हैं।

## अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

### सफाई कर्मचारी प्रदर्शन के बाद हड़ताल कर बैठे धरना प्रदर्शन पर

कासगंज। नगर पालिका परिसद कासगंज के सफाई कर्मियों ने गुरूवार को अपनी मांगो को लेकर हड़ताल कर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। इस दौरान सफाई कर्मियों ने नगर पालिका के चैयरमेन और इओ के खिलाफ मुदार्वाद के नारे भी लगाए। इस दौरान उन्होने मांगे पूरी न होने तक हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है।



आपको बतादे कासगंज नगर पालिका में सफाई कर्मी के पद पर तैनात सफाई कर्मी अपनी 11 सूत्रीय मांगो को लेकर काफी लम्बे समय से प्रदर्शन कर रहे है। मांगे पूरी न होने पर गुरूवार को सफाई कर्मी शहर में सड़कों पर उतर आये और हड़ताल कर प्रदर्शन करते हुए गांधी मूर्ती पर धरने पर बैठ गये है। इस दौरान सफाई कर्मियों ने नगर पालिका के चैयरमेन और इओ के खिलाफ मुदार्वाद के नारे भी लगाए। धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मियों मांग है कि ठेका सफाई कर्मियों को पालिका के द्वारा रोज 410 रुपये मजदूरी के दिए जाए। सफाई कर्मियों को जो सप्ताहिक छुट्टी मिलती है ' उसका भी भुगतान किया जाए और सभी सफाई कर्मियों को लंबित 4 महीने का भुगतान किया जाए। सविंदा कर्मियों और सेवा निब्रत हुए कर्मियों का पालिका जल्द भुगतान करे और सफाई कर्मियों को उनकी मूल जगह तैनाती दी जाए। सफाई कर्मियों को उपकरण और वर्दी दी जाए। वर्ष 2023 से 2024 सितम्बर तक समस्त ठेका कर्मचारियों को लिस्ट संघ को उपलब्ध कराई जायें। मेला दशहरा व अन्य त्यौहारों पर एकस्ट्रा सफाई कराने के लिए प्रत्येक वार्ड से एक - एक कर्मचारी लेकर टीम बनाई जायें। संविदा व ठेका कर्मचारियों का ईएसआई कार्ड बनवाया जायें ' जिससे स्वास्थ्य का लाभ मिल सकें। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ को नगर पालिका परिषद में कार्य करने हेतु एक कमरा या कार्यालय उपलब्ध कराया जायें। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने मांगे पूरी न होने तक हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है। इस दौरान सोनू भंडारी, मुकेश वाल्मीकि, मुकेश कुमार, लवजीत, आकाश, राम खिलाड़ी वाल्मीकि, सुखराम नेताजी, रमेश भगत, सुनील वाल्मीकि सहित अनेकों सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## किसानों और लोगों के नुकसान के मुआवजे के लिए सपा ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



कासगंज। जनपद कासगंज में अधिक वर्षा तथा गंगा में हुए कटान की वजह से बर्बाद हुई किसानों की फसलों और बारिश में गिरे लोगों के मकानों के मुआवजे को दिये जाने को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम पटियाली को सौंपा है। एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह सौंपे ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने बताया है कि कासगंज जिले में पिछले कई दिनों हुई अधिक वर्षा तथा गंगा में जलस्तर बढ़ने की वजह से हजारों बीघा जमीन पटियाली, सहावर और कासगंज तहसीलों में जल मग्न होकर बर्बाद हो गई है। किसानों की आय का फसल ही एकमात्र जरिया होता है। इस हजारों बीघा जल मग्न हुई फसलों से किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है और किसानों को हुए नुकसान को देखते हुए समाजवादी पार्टी सरकार से मांग करती हैं कि किसानों की बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए और जिले में अधिक वर्षा होने के कारण जिन लोगों के मकान गिर गए हैं। उन लोगों को आवास योजना में प्राथमिकता देकर उनके घर जल्द से जल्द बनवाए जाएं और कासगंज में रह रहे किसानों और जिनके घर गिर गए हैं उन पीड़ितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से उचित आर्थिक सहायता प्रदान कि जाए। इस दौरान समाजवादी पार्टी पटियाली नगर अध्यक्ष मारूफ कुरेशी, तारिक अली फारूकी, पंकज कुमार, हिकमत अली, मनोज यादव, परवेज कुरेशी, शाहिद हुसैन मौजूद रहे।

## बारिश से खेतों में खड़ी फसल को नुकसान



**कासगंज।** कस्बा अमांपुर में मंगलवार के बाद बुधवार को पूरे दिन तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बरसात से बाजरा, मक्का, धान सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। फसल के नुकसान से किसान बबार्दी के कगार पर आ गया है। किसानों की धान और बाजरा की सैकड़ों बीघा फसल जमीन पर बिछ गई। तैयार फसल बिछी देख किसान हैरान थे। कड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद किसानों ने इस फसल को तैयार किया था।दूसरी बार भारी बारिश होने से अमांपुर क्षेत्र के गांव जखा, चैपारा, बनूपुरा, बीनपुरा, जारई, विकोरा, सेवका, अशोकपुर, लखमीपुर सहित अनेक गांव में फसल को बड़ा नुकसान है।

किसान भमरपाल शाक्य, राजेन्द्र सिंह, कैलाश शाक्य, राहुल, रवीश कुमार, महाराज सिंह, नेत्रपाल सिंह, उदयवीर आदि किसानों की धान व बाजरा की फसले खेतों में पानी भर जाने से पानी में डूब गई है। किसानों ने बताया कि उन्होंने बड़ी मुश्किल से फसल को तैयार किया था। तेज आंधी और बारिश ने अधिकांश फसल को जमीन पर गिरा दिया है। जिससे उनका काफी नुकसान हुआ है।

**तेज हवा ने बरपाया कहर**

किसानों के मुताबिक तेज हवा के साथ आई बारिश ने खूब कहर बरपाया है। दर्जनों किसानों की तैयार खड़ी फसल बर्बाद हो गई है।

किसान बड़ी उम्मीद के साथ कड़ी मेहनत करके फसलों को तैयार करते हैं। लेकिन अचानक कोई आपदा आ जाए तो काफी नुकसान हो जाता है। वैसे तो पानी धान की फसल के लिए खूब फायदेमंद होता है। लेकिन तेजा आंधी ने किसानों को नुकसान पहुंचा दिया है।

## प्रेमिका के भाईयों ने प्रेमी को सरियों से पीट-पीट कर किया लहुलुहान

### प्रेमिका से मिलते हुए प्रेमी को पकड़ लिया था उसके भाईयों ने

### पुलिस ने दोनों भाईयों को लिया हिरासत में, जांच पड़लात जारी

**कासगंज।** पटियाली थाना क्षेत्र में प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी को उसके भाईयों ने पकड़ लिया और प्रेमिका के भाईयों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर दिन दहाड़े प्रेमी को लाठी डंडों व सरिया से पीट - पीट कर लहुलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने प्रेमी को सीएचसी में भर्ती कराया ' जहां से चिकित्सकों ने प्रेमी को हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस वल तैनात कर दिया है।



मिली जानकारी के अनुसार पटियाली थाना क्षेत्र के गांव मझोला में गायत्री मंदिर के पास ककराला निवासी सुरेंद्र का 17 वर्षीय पुत्र अक्की उर्फ अंकित का पिछले तीन साल से मझोला की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

बताया जाता है कि गुरूवार की सुबह अंकित को उसकी प्रेमिका ने फोन कर-के बुलाया था, जैसे ही अंकित प्रेमिका के पास पहुंचा। बैसे ही इसकी खबर प्रेमिका के भाई कामिल उर्फ चुनू और उसके चचेरा भाई अनस को लग गई और उक्त दोनों भाई अपने-अपने दोस्तों के साथ घर पहुँच गए और अंकित को पकड़ लिया और अकिंत के साथ सरियों से मारपीट कर डाली। जिससे अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी मिलते ही पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गये और आनन फानन में घायल अंकित को पटियाली सीएचसी में भर्ती कराया ' जहां से चिकित्सकों ने अंकित की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है।

वहीं परिजनों का आरोप हैं कि उनके पुत्र को आरोपी घर से पकड़ कर अपनी गाड़ी में डाल कर ले गए और उसे जान से मारने का प्रयास किया है। इस मामले में पुलिस ने प्रेमिका के दोनों आरोपी भाईयों को हिरासत में ले लिया है। वहीं चौकी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि चौकी पर अंकित का बड़ा भाई आया और बताया कि उसके भाई अंकित को कुछ नामजद लोग पकड़कर अपनी गाड़ी में डाल कर ले गए हैं ' पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंची, तो अंकित लहूलुहान पड़ा हुआ था।

## दीवार गिरने से घायल हुए ग्रामीण की मौत

### बारिस में गिरी दीवार के मलवे में दबकर घायल हुआ था ग्रामीण



**कासगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र में बीते दिवस दीवार गिरने से घायल ग्रामीण की गुरूवार को जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

बताया जाता है,बीते दिवस जनपद में हुई तेज बारिस के चलते जहां पूरे जनपद में कई दिवारें गिरी थी। जिसके मलबे में दबकर दो दर्जन लोग घायल हो गये थे।

वहीं इसी बरसात के चलते बीते दिवस कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला अंडऊआ निवासी ओमप्रकाश के मकान की दीवार भी गिर गई थी। दीवार के मलवे में दबकर ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया थे ।

वहीं परिजनों द्वारा घायल ओमप्रकाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी गुरूवार को जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस जिला अस्पताल जा पहुंची और ओमप्रकाश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं ग्रामीण की मौत की खबर सुन उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

## इंटरनेशनल स्कूल बहजोई में भूकंप एव अग्नि सुरक्षा पर राज स्तरीय मौका का किया जाएगा आयोजन



**सम्भल।** दिनांक 20 सितम्बर को भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज भगत जी इंटरनेशनल स्कूल बहजोई में प्रात 10 बजे से सांय 4:30 बजे आयोजित किया जाना। इसके संबंध में प्री ब्रिफिंग बैठक आज जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक गुन्नौर रमेश बाबू की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।

उप जिलाधिकारी न्यायिक ने अग्नि एवं भूकंप से संबंधित आपदा की स्थित में तैयारियों को लेकर जानकारी प्राप्त की । फायर ब्रिगेड गाडियों की संख्या, अग्नि शमन यंत्र एवं अन्य व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संकरे स्थानों का चिन्हिकरण, अग्नि शमन यंत्र रिफिल, अस्पताल, स्कूल आदि में प्रवेश एवं निकास मार्ग, जल की व्यवस्था, जागरुकता अभियान, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थानो पर जागरुकता अभियान, स्वास्थ्य विभाग एवं होमगार्ड तथा अन्य विभागों से तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## नवीन एकमुश्त समाधान योजना 01 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 तक लागू

कासगंज। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के ऐसे ऋण गृहीताओं, जिन्होंने अब तक अपना बकाया ऋण जमा नहीं किया है, बकाया ऋण छूट के साथ ब्याज जमा करने हेतु प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश अनूसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 लखनऊ ने नवीन एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लागू की है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने जानकारी देते हुये बताया कि उक्त योजना दिनांक 01 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 तक लागू किया है। नवीन एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस में ऋण बकायेदारों को पूरी धनराशि एकमुश्त जमा करने पर निम्न लाभ मिलेंगे। दण्ड ब्याज की पूरी धनराशि माफ कर दी जायेगी, चक्रवृद्धि ब्याज की पूरी धनराशि माफ कर दी जायेगी, बकायेदारों से केवल ऋण अवधि (36ध्60 माह, जो भी लागू हो) का ही साधारण ब्याज लेकर उन्हें ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र दे दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये जनपद कार्यालय के दूरभाष नम्बर 7011975130 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत साफ सफाई कार्यक्रम किया गया आयोजित




**उजाला संचार, कुशीनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के बैनर तले आज पिपरा बाजार में स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में साफ सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया ।साथ ही विद्यालय परिसर से पिपरा बाजार में रैली निकाल कर जनजागरुकता की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय कुमार एवं सुनील कुमार पांडेय के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा का संचालन बहुत ही बेहतर तरीके से हो रहा है।

## अचानक पोल में करंट उतरने से भैंस की मौत



**उजाला संचार, कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर कोठी शराब भट्टी के पास बिजली के पोल में अचानक करंट उतरने से एक भैंस की मौत हो गई ।बृहस्पतिवार को दिन मे जटाशंकर यादव ने अपनी भैंस चराने के लिए ले जा रहे थे ।कि शराब भट्टी के पास अचानक पोल में भैंस सट गई जिसे करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई भैस का किमत लगभग चालीस हजार रुपये बताई जा रही है ।घर वालों ने 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बिशनपुरा पुलिस व हल्का लेखपाल ने पीएम कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को फोन कर सूचना दी . व पंचनामा बनवाकर अग्रिम कार्रवाई करने की बात कही।

## सांसद रवि किशन ने किया एम्स का निरीक्षण

**गोरखपुर।** सांसद रवि किशन ने बुधवार को एम्स का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही सेवा पखवाड़ाकेकार्यक्रम के तहत सांसद रवि किशन शुक्ला ने एम्स परिसर में वृक्षारोपण कर झा झाड़ू लेकर साफ सफाई भी की। और लोगों को सफाई के लिए जागरूक भी किया। विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए सांसद रवि किशन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है। ऐसे में हम सभी की भी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने कर्तव्यों का अच्छे से पालन करें। मरीजों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराए। जो कार्य लंबित हैं उन्हें शीघ्र पूरा करें। सांसद ने कहा कि गोरखपुर एम्स का अपना विशेष महत्त्व है।यह उत्तर प्रदेश के पड़ोसी प्रांत बिहार और नेपाल देश के भी मरीज यहां आते हैं।ऐसे में हमे विशेष जागरूक रहने की आवश्यकता है।लोगों की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है। सांसद ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है।एम्स, मेडिकल कॉलेज, सहित स्वास्थ्य सेवाओं को सुविधा के लिए निरंतर निर्माण कार्य हो रहे हैं।देश की स्वास्थ्य सेवाए लगातार बेहतर हो रहीं है।लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा हैं।सांसद ने कहा कि इसके साथ ही सीएम योगी ने स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार एक नई दिशा और गति देने का काम किया है।

## डीडीयू ने एग्जामिनेशन सिस्टम में किया बदलाव: इंटरनल मार्क्स में अटेंडेंस का भी होगा पॉइंट, नया टाइम टेबल और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी में बुधवार को आयोजित मीटिंग में परीक्षा से जुड़ी कई अहम घोषणाएं की गईं।इस मीटिंग में सभी डीन्स, एचओडीज और यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कुलपति ने स्टूडेंट्स के इंटरनल मार्क्स में बदलाव की घोषणा की है, जिसमें 25 नंबर के इंटरनल मार्क्स में से 20 नंबर क्लास टेस्ट के आधार पर और 5 नंबर अटेंडेंस के आधार पर दिए जाएंगे। जल्द ही यूनिवर्सिटी एक टाइम टेबल जारी करेगी, जिसके तहत उब्ब और संबद्ध कॉलेजों के सभी टीचर्स 20 नंबर का क्लास टेस्ट लेंगे। यह टेस्ट डिस्क्रिप्टिव टाइप होगा, और इसका मूल्यांकन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। **समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य:** कुलपति ने कहा कि सभी डिपार्टमेंट्स के एचओडी को स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन समर्थ पोर्टल पर कराने का काम सुनिश्चित करना होगा। इस बार परीक्षा फॉर्म भी इसी पोर्टल पर भरे जाएंगे, इसलिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करना जरूरी है।इसके साथ ही, टीचर्स को निर्देश दिया गया कि वे अपनी छुट्टियां समर्थ पोर्टल पर विभागाध्यक्ष और कुलपति कार्यालय से स्वीकृत कराने के बाद ही बाहर जाएं। बिना स्वीकृति के बाहर जाने की घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के मौके पर लगायी गयी प्रदर्शनी

**उजाला संचार**

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत गुरुवार को हनुमान इण्टर कालेज पडरौना में प्रधानमंत्री मोदी के स्वयंसेवक से प्रधान सेवक तक के सफर को दशार्ती हुई प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के उनके गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में किए गए कार्यों को दशार्या गया है।





प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद विजय कुमार दूबे और भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने किया। प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे नेता हैं जो दुनिया के प्रसिद्ध नेताओं में शामिल हैं।ऐसे व्यक्ति सदियों में जन्म लेते हैं, जिन्होंने हर पल राष्ट्र के लिए और इस देश के विकास के लिए लगाया है। प्रधानमंत्री युवा, महिला, किसान और मजदूर को ध्यान में रखकर काम करते हैं। मोदी और भारतीय जनता पार्टी ना केवल राजनीति करती है, बल्कि सामाजिक सरोकारों के कामों को भी आगे बढ़ाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 का भारत विकसित का जो संकल्प है, निश्चित रूप से पूरा होगा। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि यहां प्रधानमंत्री मोदी के जीवन का पूरा चित्रण और उनके द्वारा समाज देश और राष्ट्र के लिए समर्पित होकर जिस तरीके से काम किया है, इस प्रदर्शनी के माध्यम से सारी बातों को दशार्या गया है।यह प्रदर्शनी महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक लगी रहेगी।इस दौरान जनपद के अन्य विद्यालयों के विद्यार्थी, अभिभावक और आमजन अवलोकन करेंगे।

पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र, प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ल, उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य फूलबदन कुशवाहा,प्रबन्धक मनोज सारस्वत ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। संचालन जिला उपाध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक विजय कुमार शुक्ल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सुदर्शन पाल,विवेकानंद शुक्ल, विश्वरंजन कुमार आनन्द, रमेश मिश्र, ओमप्रकाश गुप्ता,रामानुज मिश्र, राधेश्याम गुप्ता, रामजीत चौहान, महेश रौनियार,नवनीत तिवारी, देवेश मिश्र, विष्णु जायसवाल सहित सैंकड़ों छात्र, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्व0 श्रीमती नीलिमा सिंह की स्मृति में हुआ पौधरोपण

**उजाला संचार**

**कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा गुरुवार को हाटा विकास खंड स्थित संविलियन विद्यालय पतया में उदित नारायण पीजी कॉलेज पडरौना में समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 पीयूष सिंह के सहयोग से उनकी माता स्व0 श्रीमती नीलिमा सिंह के स्मृति में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को पौधों की महत्ता से अवगत कराते हुए अपने घर एवं पास-पड़ोस में पौधे लगाने और हरियाली बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।

नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने कहा कि पुण्यात्मा माँ का दीन दुःखियों, असहायों से लगाव था। वह प्रकृति के भी काफी करीब रहती थीं। उनकी स्मृति में लगा बरगद का पौधा आने वाले समय में विशाल वट वृक्ष का रूप धारण कर बच्चों व क्षेत्रवासियों को शीतलता प्रदान करेगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि आगे आएं और अपने परिजनों



की स्मृति में पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण में सहभागी बनें।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुमताज अली, कमलेश गुप्ता, पत्रकार मो0 सरफराज, गुल मोहम्मद, नसीमा खातून, शांति देवी, सुदामा प्रसाद, तेतरी देवी, सुमित्रा देवी, खैतुन निशा, ज्ञान्ती देवी, सुरसती देवी आदि उपस्थित रहे।

## कुशीनगर के डॉ. मनोज विश्व के दो फीसद वैज्ञानिकों में चयनित

### यूएसए द्वारा जारी सूची में लगातार चौथी बार चयनित

**कुशीनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद(केन्द्रीय कृषि अभियांत्रकी संस्थान) के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी को खाद्य प्रसंस्करण अनुसन्धान के लिए लगातार चौथी बार विश्व के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों में चयनित किया गया। यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका (यू.एस.ए) स्थित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी परिणाम के बाद उनके गांव सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी।



फाजिलनगर विकासखण्ड के महासोंन गांव निवासी डॉ मनोज त्रिपाठी अपनी हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा पावानगर महाबीर इंटर कालेज फाजिलनगर से उतीर्ण कर गोरखपुर विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उतीर्ण की। 2004 में पंतनगर विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के बाद आइसीएफएआई अंतराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर रहे। 2009 से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भोपाल में प्रधान वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत डॉ त्रिपाठी दिल्ली में आयोजित जी-20 की बैठक में अपने संस्थान के वैज्ञानिक टीम के नोडल अधिकारी भी रहे।स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी खाद्य प्रसंस्करण को लेकर प्रतिवर्ष दुनिया के शीर्ष दो फीसद विज्ञानियों की सूची जारी करता है। यह सूची विश्व के सभी वैज्ञानिको के शोध कार्यो, शोध पत्रों एवं शोध कार्यो का विश्व के विकास में प्रभाव का सर्वे कराने के बाद जारी किया जाता है।डॉ मनोज ने यह उपलब्धि 2021,2022,2023 में भी प्राप्त की थी।इसमे शामिल विज्ञानियों के शोध सबसे ज्यादा उल्लिखित (साइटेड) किए गए हैं।यूएसए की स?टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी की वैज्ञानियों की सूची को विश्व की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रकाशन एल्सीवीर द्वारा प्रकाशित किया गया है। 16 राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय पुस्तक, 102 शोध पत्र लिख चुके डॉ त्रिपाठी राष्ट्रीय एकेडमी के सदस्य भी हैं। विगत माह उनके प्रोबायोटिक सोया चीज स्प्रेड पर भारत सरकार द्वारा पेटेंट भी प्रदान किया गया है। सोयाबीन, बाजरा, फल आधारित खाद्य विकास को लेकर शोध में लगे डॉ त्रिपाठी अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता योगेंद्र त्रिपाठी,भाई प्रमोद त्रिपाठी, एडवोकेट विनोद त्रिपाठी तथा अपने गुरुजनों सहित समस्त शुभचिंतकों को दिया है।

## दुसरे दिन भी कैग टीम ने मनरेगा के पत्रावलियों का किया जांच

**कुशीनगर।** मनरेगा के तहत कप्तानगंज विकासखंड में 2019 से 31 मार्च 2024 तक हुए कार्यों का जांच कर रही कैग टीम ने दुसरे दिन भी पत्रावलियों की जांच करती रही जिसको लेकर विभाग पूरा दिन हलकान रहा।

गुरुवार को दुसरे दिन भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग कैग टीम के महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू के निर्देश पर कैग की तीन सदस्यी टीम कप्तानगंज ब्लाक कार्यालय मे पुरा दिन 11 बजे से पाच बजे तक वर्ष 2019 से 31 मार्च 2024 तक मनरेगा के तहत गांव में हुए विकास कार्यों के पत्रावलियों की गहनता से एक-एक बिंदु पर जांच करती रही कार्ययोजना से लेकर मौके पर हुए कार्यों का विवरण का विन्दुवार जांच किया। और देर शाम जिले के लिए रवाना हो गयी। बीडीओ प्रवीण कुमार शुक्ल, एपीओ



अमित भार्गव से हर पत्रावलियों के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा की। अभी तक के जांच में सभी बिंदु सही मिले है जिस पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अब तिसरे दिन पत्रावलियों के जांच के बाद गांव में हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन करेगी।

कैग टीम के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2019 से 31 मार्च 2024 तक विकासखंड में हुए मनरेगा के तहत कार्यों के पत्रावलियों की जांच की गयी है अब गांवो मे जाकर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। कितना काम हुआ जिसकी गुणवत्ता क्या रही है क्या धाधली हुई है इससे जनता को क्या लाभ मिला है इन तथ्यों की जांच कर विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। जांच टीम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मनरेगा के तहत योजनाओं को जनता से कितना लाभ मिल रहा है उसका परीक्षण करना भी है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ला एपीओ अमित भार्गव लेखाकार अखिलेश सिंह एडीओ आईएसबी प्रमोद कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व के दो प्रतिशत शीर्ष प्रभावशाली वैज्ञानिकोंकी सूची में कुलपति प्रो. वंदना सिंह समेत 2 शिक्षक

### स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी हुई विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची

*सहायक आचार्य डॉ. मिथिलेश यादव और डॉ. सुधीर उपाध्याय भी इस सूची में

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालयकी कुलपति प्रो.वंदना सिंह को इस बार पुनः विश्व के 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूचीमें जगह मिली है. स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालयद्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2%प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची 2024 में उनकानाम शामिल हुआ है. कुलपति प्रो. वंदना सिंह के साथ ही रज्जू भैय्या संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. मिथिलेशयादव और पर्यावरण विज्ञान विभाग के डॉ. सुधीर उपाध्याय भी इस सूची में शामिल है. प्रोफेसर वंदना सिंह ने पॉलीमर एवंबायोपॉलीमर नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र महत्वपूर्ण योगदान दिया है. विशेष रूप सेपॉलिसैकेराइड आधारित नैनो पदार्थ पर संश्लेषण,वर्णन और अनुप्रयोगों में सराहनीयशोध कार्य रहा है. प्रो. सिंह को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार और फैलोशिप प्राप्त हुईहै. एडवांस्ड मटेरियल लेटेस्ट पत्रिका द्वारा सर्वश्रेष्ठ सर्वोच्च वैज्ञानिकपुरस्कार एएमएल



मेडल भी मिल चुका है. प्रोफेसर वंदना सिंह को विभिन्न संस्थाओं से कईअनुसंधान परियोजनाएं भी मिली है. अभी तक 29 विद्यार्थियों का पीएचडी मेंमार्गदर्शन किया है. वर्तमान में तीन छात्रों का शोध निर्देशन कर रही है. पूर्वांचलविश्वविद्यालय में कुलपति पद के पहले वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय में रसायन विभागकी अध्यक्ष पद पर कार्यरत रही. रज्जू भैय्या संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉमिथिलेश यादव के अभी तक 70 शोध पत्रों को अंतरराष्ट्रीय जर्नल्समें प्रकाशित कर चुके हैं . उन्होंने शोध कार्य के अलावाभी कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उन्होंने एमडीपीआई में ₹पॉलिमर₹ जर्नल के संपादक के रूप में कार्य कियाहै और वर्तमान में वे पैकेजिंग क्षेत्र में बायोपॉलीमर नैनो कंपोजिट पर शोध कर रहेहैं. डॉ यादव आजकल तीन प्रोजेक्ट यूजीसी-स्टार्ट अप अनुदान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग,यूपी सरकार से यूपीसीएसटी अनुदान, और उच्च शिक्षाविभाग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर कार्य कर रहें हैं, जिसकी कुल अनुदान राशि 30 लाख की है। पर्यावरण विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुधीर उपाध्याय केअंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च कोटि के 90 शोध पत्र स्कोपस में प्रकाशित है, तथागूगल स्कालर साइटेशन तीन हजार से भी अधिक है. उनकी तीन पुस्तकों के साथ-साथ कई अंतरराष्ट्रीयलेख भी प्रकाशित है।

डॉ.सुधीर उपाध्याय को उनके उत्कृष्टशोध एवं वैज्ञानिक व्याख्यान के आधार पर विजिटिंग प्रोफेसर का सम्मान रूस कीसाउदर्न फेडरल यूनिवर्सिटी रोस्तोव ऑन-डॉन से मिला है.इस उपलब्धि पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षानियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, उप कुलसचिव दीपक सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो.राजेश शर्मा. प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ.दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह समेत अन्य ने बधाई दी है।

## आरपीएफ ने फर्जी टिकट बनाने वाले जालसाज को किया गिरफ्तार

**कुशीनगर।** आईआरसीटीसी की फर्जी आईडी पर रेलवे का आरक्षित तत्काल एवं सामान्य ई टिकट बनाकर ग्राहकों को चूना लगाने वाले जालसाज को रेलवे अपराध आसूचना भटनी एवं रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज की संयुक्त टीम ने एक युवक को रेलवे के टिकट से जुड़े प्रतिबंधित सामान के साथ गिरफ्तार किया है।रेलवे पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को वाराणसी जेल भेज दिया है। आईआरसीटीसी की फर्जी पर्सनल यूजर आईडी पर रेलवे का आरक्षित तत्काल एवं सामान्य ई टिकट बनाकर मनमाने मूल्य में ग्राहकों को बेचे जाने की भनक लगते ही रेलवे की अपराध आसूचना शाखा भटनी व रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज की संयुक्त टीम ने ई टिकट के अवैध कारोबार करने वाले नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सौरहा खुर्द बाजार में संचालित जमजम टूर एन्ड ट्रवेल सीएससी सेंटर के संचालक सेराज अहमद पुत्र आशिक अली को छापेमारी कर धर दबोचा।



संचालक के पास से कुल 44 अदद ई टिकट कुल किमत 80562 रू बरामद किया गया ।साथ ही अपराध में प्रयुक्त एक मोबाइल, लैपटॉप, प्रिंटर व प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर बरामद किया गया।

जिसके विरुद्ध भारतीय रेल अधिनियम की धारा के तहत रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज ने अभियोग पंजीकृत करते हुए वाराणसी रेलवे की जेल भेज दिया है।

इस टीम में अपराध आसूचना शाखा भटनी उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सहायक उप निरीक्षक अवनीश कुमार राय कांस्टेबल अनुराग प्रताप सिंह तथा उपनिरीक्षक गुलाब सरोज सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार राय कांस्टेबल इंद्रजीत यादव महेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## गोरखनाथ मंदिर कथा: श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का पॉचवा दिन

**गोरखपुर।** युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55 वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन श्री राममंदिर गुरुधाम वाराणसी से पधारे श्रीमद्जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य काशीपीठाधीश्वर स्वामी डॉ राम कमल दास वेदांती जी महाराज ने व्यासपीठ कहा कि व्यक्ति के ऊपर कुर्सी का रंग नहीं चढ़ना चाहिए। कुर्सी के ऊपर व्यक्ति का रंग चढ़ जाए तो वही योगी है और व्यक्ति के ऊपर यदि कुर्सी का रंग चढ़ जाता है तो वह भोगी होता है। जो गिरकर स्वयं को संभाल ले, उसे इंसान कहते है परंतु कुसंग व्यक्ति को संभलने नहीं देता। सभलने के लिए



सत्संग हीं सहारा है।

कंस के कुसंगी मंत्रियों ने सलाह दिया की ब्रजमंडल में जितने नवजात शिशु है उन सबकी हत्या कर दी जाय और कंश ने ऐसे ही किया, पर श्री कृष्ण को मार न सका फिर पूतना गली गली घूम कर श्री कृष्ण को खोजने लगी। पूतना श्रृंगार करके एकदम सुंदर रूप बना कर यशोदा जी के पास जाती और कृष्ण को उठा कर दूध पिलाने लगती है। उसने अपने स्तनों में काल कूट विष लगा रखी है। वह श्री कृष्ण को लेकर चल देती है, श्री कृष्ण ने उसका बध कर दिया। पूतना भी सौभाग्यशाली है कि वह भगवान को अपने गोद में लेकर दूध पिलाती है इस प्रकार पूतना भी तर गई।

कथा व्यास ने कहा कि जो सुख, जो आनंद आप अपने लिए चाहते हो, वह दूसरों के लिए मांग लो तो वह आनंद स्वयं तुम्हे मिल जाएगा और यदि दूसरों के लिए दुख मांगोगे तो तुमको भी दुख ही मिलेगा ।इस लिए सबके कल्याण के लिए सोचिए इसी में हमारा कल्याण भी निहित है। गो सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं है और गोशाला से पवित्र कोई स्थान नहीं होता है हमारे मुख्यमंत्री जी रोज गो सेवा करते है।

उन्होंने कहा कि पूतना हमारे अन्दर बैठी हुई अविद्या है, यह अविद्या अर्थात अज्ञान जब तक रहता है तब तक वो हमे सन्मार्ग पर नहीं चलने देता है।

## शोहदों को सबक सिखाने के लिए पुलिस को काल करें छात्राएं

### महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**कुशीनगर।** वुमेन पावर हेल्प लाइन 1090 पर दी गयी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। छात्राएं निर्भीक होकर इस नम्बर पर काल कर अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस से मदद ले सकती हैं। यह बातें तुर्कपट्टी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कही। वह छहूँ स्थित सीपीएस इंटर कालेज पर महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस सभी की सुरक्षा को लेकर वचनबद्ध हैं लेकिन महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अमर्यादित व्यवहार समाज के लिए अभिशाप है। छात्राओं के साथ रास्ते में या कहीं और भी मारपीट,छेड़छाड़, आदि की घटनाएं होती हैं तो वह तुरन्त 1090 या 181 पर काल कर सकती हैं। पुलिस उक्त स्थल पर पहुंच कर पूरी मदद करेगी ।यह काल पूरी तरह निःशुल्क होता है। किसी के भय या बहकावे में न आएं बल्कि बिना झिझक के अपनी परेशानियां पुलिस को बताएं। आपकी सारी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखते हुए आरोपी के साथ कड़ाई से पेश आया जाएगा ।उन्होंने विद्यालय में एक शिकायत पेटी रखने के साथ ही अपना सीयूजी नम्बर सभी छात्राओं सेव करवाया ।थाना की महिला कांस्टेबल ज्योति झा,अनामिका सिंह,प्रियंका सिंह ने भी



अपनी बातें रखीं तथा अलग से छात्राओं से उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया। इसके पूर्व विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने दीप जलाकर कार्यशाला का शुभारंभ किया तथा पुलिसकर्मियों के स्वागत किया। कार्यशाला में करीब पांच सौ छात्राओं ने हिस्सा लिए। इस दौरान एसआई आशीष सिंह, गौरव राय, कांस्टेबल संजय यादव, राहुल, सुनील राजभर सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

## वक्फ संशोधन बिल-2024 का वक्फ वेलफेयर फोरम ने जताया विरोध

### भ्रामक व झूठी खबर छापने वाले अखबार को जारी हुआ लिगल नोटिस : जावेद अहमद

**कुशीनगर।** वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को लेकर विगत 12 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय सहारा (हिन्दी दैनिक) लखनऊ संस्करण में प्रकाशित खबर सोशल मीडिया में वायरल हो रहे खबर का जावेद अहमद चेयरमैन वक्फ वेलफेयर फोरम ने पुरजोर विरोध करते हुए इसे भ्रामक व झूठा बताया है।

भ्रामक खबर में यह भी बताया गया है कि जावेद अहमद ने ₹वक्फ संशोधन बिल गरीब मुसलमानों के हित में₹ कहा जिसे उन्होंने ने सिरे से खारिज करते हुए इसे गलत बताया है। अवगत कराना है जावेद अहमद ने स्पष्ट रूप से खंडन किया है कि वह इस विधेयक का समर्थन नहीं करते हैं जो



वक्फ संपत्तियों के विरोध में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वक्फ वेलफेयर फोरम समाचार-पत्रों एवं कार्यशालाओं के माध्यम से विरोध में जेपीसी को सुझाव भी दिया हैं। इस तरह की भ्रामक खबरें गलत मंशा से फैलाई जा रही हैं जो सत्य से परे है। इसकी जानकारी अख्तर राही (सचिव) वक्फ वेलफेयर फोरम ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक
उजाला संचार

## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रामपुर ढाब का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

### प्राथमिक विद्यालय रामपुर ढाब के बाढ़ राहत शिविर का भी उन्होंने निरीक्षण किया -जिलाधिकारी

**उजाला संचार, वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिगम ने रामपुर ढाब बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से साफ-सफाई एवं दवाओ का छिड़काव कराया जाय। विशेष रूप से बाढ़ का पानी उतरने पर क्षेत्र में समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय,रामपुर ढाब के बाढ़ राहत शिविर का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय,रामपुर ढाब क्षेत्र बाढ़ पीड़ितों से चिकित्सा व्यवस्था, राशन वितरण और राहत कार्यों की जानकारी ली और कहा कि यहां पर आवासित बाढ़ पीड़ितों को किसी प्रकार की कोई असुविधा का सामना न होने पाएं। लोगों से वार्ता कर राहत शिविर में उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाओं की भी जानकारी ली। मौके पर मौजूद अधिकारियो को निर्देशित किया कि राहत शिविर में लोगों को समय से नाश्ता , खाना और बच्चों को समय से दूध दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न होने पाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नजर बनाये रखने हेतु भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ राहत शिविर में आवासित लोगों से भी जिलाधिकारी ने वार्ता मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए पूछा कि किसी भी प्रकार की असुविधा तो नहीं हो रही है। लोगों ने व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।





## युवक को कुचलने की कोशिश, मुकदमा दर्ज

**उजाला संचार, वाराणसी।** नूरुद्दीन शहीद फुलवरिया निवासी सोमेश राय शंटी ने अज्ञात लोगों द्वारा मैजिक गाड़ी व बाइक से पीछा कर कुचलने की कोशिश करने का मुकदमा मडुवाडीह थाने में दर्ज कराया है ।सोमेश राय ने बताया कि सोमवार की देर रात वह अपने मित्र सेफरॉन राजेश सिंह को प. दीनदयाल उपाध्याय हास्पिटल से देखकर लौट रहे थे उनका आरोप था कि उनका पीछा कर रहे कुछ लोग उनको फुलवरिया क्षेत्र में पिकअप से कुचल कर मारना चाहते थे किसी तरह बच कर आगे बढ़े तो लहरतारा पुलिस चौकी से कुछ पहले ही थे कि बाइक पर सवार कुछ युवकों ने उन्हें परिवार समेत जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले ।इसके बाद सुमित ने लहरतारा पुलिस चौकी पहुंच कर तहरीर देते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दिया। सूचना पर एसीपी रोहनिया संजीव कुमार शर्मा और थाना प्रभारी मंडुवाडीह ने पहुँचकर जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## काशी की बहू आतिशी मालेर्ना सिंह बनीं दिल्ली की नई मुख्यमंत्री, वाराणसी से है गहरा जुड़ाव



**उजाला संचार, वाराणसी।** काशी की बहू आतिशी मालेर्ना सिंह को देश की राजधानी दिल्ली की कमान सौंपी गई है। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी का बनारस से गहरा नाता है। मूलरूप से मिजार्पुर जिले के मझवां ब्लाक के अनंतपुर गांव की रहने वाली आतिशी के पति का परिवार वाराणसी के लंका क्षेत्र में निवास करता है। आतिशी के पति प्रवीण सिंह समाज सेवा से जुड़े हुए हैं। प्रवीण सिंह बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) के पूर्व कुलपति प्रो पंजाब सिंह के पुत्र हैं। प्रवीण ने आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग और आईआईएम अहमदाबाद से मैनेजमेंट की डिग्री हासिल की है। दोनों ने 2006 में बनारस में धूमधाम से शादी की थी। दिल्ली की सक्रिय राजनीति में कदम रखने से पहले उनका स्थायी निवास वाराणसी ही था। प्रवीण एक पढ़े-लिखे और प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते हैं, और दोनों की विचारधारा में समानता के कारण वे करीब आए। आतिशी ने अपनी शिक्षा सेंट स्टीफंस कॉलेज से प्राप्त की और बाद में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गईं। सामाजिक कार्यों के दौरान उनकी प्रवीण से मुलाकात हुई और दोनों ने शादी कर ली। आतिशी और प्रवीण ने मिलकर सामाजिक कार्यों में सक्रियता दिखाई, विशेषकर ग्रामीण अंचल के उत्थान के लिए काम किया।

# सर्किट हाउस सभागार में प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों की समन्वय बैठक आहुत

## जनता की सभी शिकायतों का निस्तारण पूरी तरह होने चाहिये, उसमें किसी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिये: स्टाम्प मंत्री

**थाने में आने वाले फरियादी के साथ मित्रवत व्यवहार होना चाहिये: रवीन्द्र जायसवाल**

**चौराहों का सुन्दरीकरण थीम आधारित होना चाहिये: स्टाम्प मंत्री**

उजाला संचार

**वाराणसी।** सर्किट हाउस सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की समन्वय बैठक आयोजित हुई जिसमें जिले की विभिन्न समस्याओं के संबंध में बिन्दुवार समीक्षा हुई।

बैठक में सर्वप्रथम विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों के सौन्दर्यीकरण हेतु लगने वाले विभिन्न स्कल्पचर (मूर्तिकला) जो की अलग-अलग तरह की सामग्रियों और तरीकों से त्रि-आयामी कलाकृतियां बनाई गयी हैं के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया गया जिसपर स्टाम्प मंत्री द्वारा चौराहों का सुन्दरीकरण थीम आधारित करने को कहा गया। उन्होंने विकास प्राधिकरण की पहल की तारीफ करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों जिसमें शिक्षाविदों, संगीतज्ञों आदि को शामिल करते हुए उक्त संबंध में उनकी भी सहमति लेने को कहा। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने लोकनिर्माण विभाग को सभी प्रमुख चौराहों की पहचान करते हुए उक्त जगह के नाम के साथ वहाँ



शाइन बोर्ड लगाने को कहा ताकि जनता को सहूलियत हो सके। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को प्रमुख गालियों के सौंदर्यीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार करने को निर्देशित किया।

माननीय मंत्री द्वारा बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को बिजली विभाग की तीन वर्ष पूर्व में स्वीकृत बास-बल्ली के स्थान पर दस हजार पोल लगाने की योजना की जांच कराकर उसमें कमी पाये जाने पर उक्त के संबंध में कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर लटक रहे तारों को स्टील पोल के माध्यम से व्यवस्थित कराने हेतु निर्देशित किया ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना नहीं होने पाये। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग को सड़कों के निर्माण के दौरान जलकल, सीवर की लाइन को क्षतिग्रस्त करने के संबंध में सावधानी से कार्य करने को कहा। चीफ इंजीनियर जलनिगम को हर घर नल योजना के दौरान पिछले एक महीने में खोदी गयी सड़कों को अगले एक सप्ताह में दुरुस्त करने को निर्देशित किया गया ताकि त्योहारों के दौरान आमजन को कोई दिक्कत नहीं होने पाये।

माननीय मंत्री द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राशन सामाग्री का वितरण जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में करने को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि आमजन द्वारा आने वाली शिकायतों का निस्तारण पूरी तरह सुनिश्चित होना चाहिये उसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिये। उन्होंने पुलिस कमिश्नर को आम जनता में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम करने, बेवजह किसी नागरिक को परेशान न करने तथा पुलिस का व्यवहार आम नागरिकों के साथ मित्रवत हो ऐसी व्यवस्था हो। पुलिस थानों का वातावरण ऐसा हो की आने वाले फरियादी को किसी प्रकार का भय न हो इसको सुनिश्चित किया जाये।


ओलंपियन ललित उपाध्यक्ष द्वारा वाराणसी की पुरातन समय से पहचान रहे हॉकी खेल को बढ़ावा देने हेतु उदय प्रताप कोलेज में हॉकी एस्ट्रोटर्फ बनाने का प्रस्ताव रखा गया जिसपर मंडलायुक्त द्वारा तत्काल प्रभाव से इस संदर्भ में प्रोजेक्ट तैयार कर आगे की कार्रवाई करने को स्मार्ट सिटी को निर्देशित किया गया। माननीय मंत्री द्वारा स्मार्ट सिटी को निमार्णाधीन सिगरा स्टेडियम के संदर्भ में खिलाड़ियों की राय लेने को निर्देशित किया गया।

# काशी विश्वनाथ मंदिर के शिखर पर मंगला आरती के बाद लगी आग

## गर्भगृह से हटाए गए श्रद्धालु

उजाला संचार

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में गर्भगृह के बाहर शिखर के पास एक झरोखे में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से हड़कंप मच गया. घटना सुबह मंगला आरती खत्म होने के बाद की बताई जा रही है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में गर्भगृह के बाहर शिखर के पास झरोखे में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से हड़कंप मच गया. घटना सुबह मंगला आरती खत्म होने के बाद की बताई जा रही है. इस दौरान लगी आग पर वहां मौजूद फायर फाइटिंग उपकरणों के जरिए काबू कर लिया गया. कुछ देर के लिए भक्तों को गर्भगृह के आसपास से हटाया गया, ताकि किसी घटना से बचा जा सके. फिलहाल इस घटना के बाद मंदिर प्रशासन आज हथियार्टन पुर मंदिर की वायरिंग व्यवस्था की पड़ताल करवा रहा है ।बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह मंगला आरती खत्म होने के बाद जब गर्भगृह



में स्पर्श दर्शन की प्रक्रिया चल रही थी, इस दौरान मंदिर के मुख्य गर्भगृह के बाहर शिखर के पास बूने झरोखे में आग लग गई. इस झरोखे से सूरज की रोशनी अंदर जाती है, इसके पास से ही बिजली के कुछ तार गर्भगृह के अंदर गए हैं. जिसमें शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई थी. आग काफी ऊपर लगी थी और इसे देखते ही हड़कंप मच गया. वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल अंदर दर्शन कर रहे लोगों को बाहर निकाला और आग पर काबू पाने के लिए वहां मौजूद फायर फाइटिंग इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल किया गया ।मंदिर के एसडीएम शंभू शरण का कहना है कि सुबह 4.55 पर आग लगने की घटना हुई थी. जिसके बाद तत्काल उसे पर काबू पाया गया. किसी तरह की कोई क्षति नहीं हुई है. शॉर्ट सर्किट कैसे हुआ, इसकी जांच की जा रही है. कहीं कोई तार कटा होगा, इस वजह से यह घटना हो सकती है. उनका कहना है. दर्शन बहुत तक देर नहीं, 5 से 10 मिनट के लिए रोका गया था. वह भी एहतियातन क्योंकि करंट उतरने की आशंका के बीच दर्शनार्थियों को सुरक्षित रखा जाए. फिलहाल मंदिर के हर हिस्से की वायरिंग को चेक करवाया जा रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके।

# दि प्रभु नारायण यूनियन क्लब के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, सचिव तथा 07 सदस्यो के निर्वाचन हेतु तिथि निर्धारित

## जिलाधिकारी ने अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) को चुनाव अधिकारी नामित किया है

उजाला संचार

**वाराणसी।** प्रभु नारायण यूनियन क्लब के कालातीत प्रबन्ध समिति के चुनाव कराये जाने हेतु जिलाधिकारी ने अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) को चुनाव अधिकारी नामित किया गया है। तत्क्रम में दि प्रभु नारायण यूनियन क्लब के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, सचिव तथा 07 अन्य सदस्यों के निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

- **नामांकन पत्र 23, 24 सितंबर को प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है**
- **नाम निर्देशन पत्रों की जांच 24 सितंबर, नाम निर्देशन वापसी की तिथि 25 सितंबर निश्चित है**

अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर)/चुनाव अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने बताया कि दि प्रभु नारायण यूनियन प्रबंध समिति के निर्वाचन हेतु नामांकन पत्र दिनांक 23 एवं 24 सितम्बर, 2024 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक अपर जिलाधिकारी (नगर) से प्राप्त किया जा सकता है। नाम निदेर्शन प्राप्त करने की तिथि 23 एवं 24 सितम्बर को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की जॉच 24 सितंबर अपराह्न 4:00 बजे से कार्य समाप्ति तक, नाम निर्देशन वापसी की तिथि 25 सितंबर पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन यदि आवश्यक हुआ, तो 29 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे से शाम 4:00 तक मतदान तथा तत्पश्चाप उसी दिन 29 सितंबर को ही सायं 5:00 बजे से मतगणना समाप्ति तक मतगणना कार्य संपन्न कराया जाएगा। उपरोक्तानुसार नाम निर्देशन प्राप्त करने, निर्देशन पत्रों की जांच तथा नाम निर्देशन वापसी का कार्य अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) के कार्यालय में होगा।

अभ्यर्थी द्वारा अपना नामांकन पत्र अपर जिलाधिकारी (नगर) अथवा सहायक निर्वाचन अधिकारी अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय को उपलब्ध कराया जा सकेगा। जबकि निर्वाचन के लिए यदि आवश्यक हुआ तो मतदान एवं मतगणना का कार्य दि प्रभु नारायण यूनियन संस्था के परिसर में सम्पन्न होगा। न्यायालय उपजिलाधिकारी, सदर के आदेश द्वारा संस्था के 835 सदस्यीय सदस्यता सूची को विधिमान्य घोषित किया गया है।

# स्वच्छता ही सेवा 2024 हेतु बरेका चिकित्सालय में विशेष स्वच्छता श्रमदान

## बरेका मे सभी विभागों द्वारा, कार्यालयों, कारखाने के कार्यस्थलों व चिन्हित किए गए किचेन की बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान

**रेलवे बोर्ड की 3 सदस्यीय टीम ने स्पेशल कैम्पेन 4.0 की तैयारियों के मूल्यांकन के लिए बरेका का दौरा किया**

उजाला संचार

**वाराणसी।** केन्द्रीय चिकित्सालय बरेका में चिकित्सा विभाग के चिकित्साधिकारी, कर्मचारी एवं राजकीय महिला महाविद्यालय बरेका, वाराणसी के एन एस एस स्वयं सेविकाओं के सहयोग से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। चिकित्सालय के विभिन्न स्थान जैसे प्रवेश द्वारा, रजिस्ट्रेशन काउंटर के पीछे के क्षेत्र, आकस्मिक इकाई के समीपवर्ती क्षेत्र, बहिरंग विभाग के पीछे के क्षेत्र व पश्चिमी गेट के आसपास घास एवं जंगली पत्तों के कटान, कूड़ा-करकट के निस्तारण तथा





दीवार व गेट पर चिपकाये हुए पोस्टर आदि की सफाई की गयी। महिला महाविद्यालय के एन एस एस के कार्यक्रम डा० सौम्या शर्मा व डा० कमलेश सिंह के कुशल निर्देशन में छात्रों ने सफलतापूर्वक श्रमदान किया।

स्वच्छता की भागीदारी के अंतर्गत 19 सितंबर,2024 को संपूर्ण बरेका जिसमे लोको, इंजन,स्टोर,ब्लाक डिवीजन, बरेका इंटर कालेज, भुल्लनपुर रेलवे स्टेशन के सामने सेंट्रल ग्राउंड व अन्य सभी विभागो, प्रशाश्निक भवन,आरपीएफ कीचेन, आफिस केंटीन इत्यादि मे साफ सफाई,अनुपयोगी सामान तथा स्क्रैप निस्तारन इत्यादि को समग्र रूप से चिन्हित किया गया और साथ ही इन चिन्हित स्थानो की सफाई करते हुए स्वच्छता जागरुकता का आयोजन किया गया।

स्वच्छता अभियान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्पेशल कैम्पेन 4.0 2024 बनारस रेल इंजन कारखाना में मनाया जा रहा है। इस संदर्भ मे आज दिनांक 19 सितंबर, 2024 को प्रथम चरण के दौरान रेलवे बोर्ड की 3 सदस्यीय टीम ने स्पेशल कैम्पेन 4.0 की तैयारियों के मूल्यांकन के लिए बरेका का दौरा किया। टीम ने संरक्षा विभाग व लेखा विभाग, बरेका में आफिस की साफ सफाई, पुराने रिकार्ड, अनुपयोगी सामान एवं फर्नीचर स्थान प्रबंधन, कार्यालयों का सौंदर्यीकरण, स्क्रैप निस्तारण इत्यादि को दूसरे चरण के लिए, लक्ष्य को समग्र रूप से चिन्हित करने व विभिन्न अन्य कार्यकलापो और स्वच्छता जागरुकता के आयोजन से संबंधित तैयारियों का रेल्वे बोर्ड की टीम ने मूल्यांकन व निरीक्षण किया।

# स्वच्छता पखवाड़े के तहत एमएलसी व महापौर ने लगाया झाड़ू व किया पौधारोपण



उजाला संचार

**रोहनिया।** रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर मण्डल के कर्दमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में एमएलसी/भाजपा जिलाध्यक्ष हंशराज विश्वकर्मा व एमएलसी अश्वनी त्यागी व महापौर अशोक तिवारी ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत मीरा नगर कॉलोनी कंचनपुर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई करने के उपरांत पौधारोपण किया। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद सुरेश पटेल, श्याम भूषण शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल पटेल, राम सिंह कल्लू यादव, विजय बिन्द, कर्दमेश्वर मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र केशरी, बिहारी पटेल, जयप्रकाश पटेल, हिमांशु जैसवाल, अमित पाठक, विजय विश्वकर्मा, महेंद्र पटेल, रमेश शर्मा, रमेश विश्वकर्मा, राजू प्रजापति, अजय विश्वकर्मा, सन्नी पटेल, पीयूष इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# गंगा नदी के जलस्तर में प्रति घंटा 0.5 सेमी की हो रही कमी

उजाला संचार

**वाराणसी।** अवगत कराना है कि आज दिनांक 18 सितम्बर 2024 को गंगा नदी का जनपद वाराणसी में जलस्तर शाम 06:00 बजे केंद्रीय जल आयोग के अनुसार 70.53 मीटर है जिसमे 0.5 से0मी0 प्रति घंटा की दर से कमी दर्ज की जा रही है। जनपद वाराणसी में गंगा नदी का चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर है, खतरे का बिंदु 71.26 मीटर है व लत्रछ 73.90 मीटर है ।वर्तमान में गंगा नदी चेतावनी बिंदु से 27 से0मी0 ऊपर है एवं खतरे के बिंदु से 73 से0मी0 नीचे है। जनपद में कुल 46 बाढ़ राहत शिविर स्थापित किये गए हैं जिनमे से 16 बाढ़ राहत शिविर क्रियाशील है जिनका विवरण निम्नलिखित है :- 1-प्राथमिक विद्यालय सालारपुर 2-प्राथमिक विद्यालय सरैया 3-प्राथमिक विद्यालय ढेलवरिया 4-चित्रकूट कान्वेंट स्कूल नखीघाट 5-सिटी गर्ल्स स्कूल, बड़ी बाजार 6-दीप्ती कान्वेंट स्कूल, हुकुलगंज 7-नवोदय पब्लिक स्कूल, दानियालपुर 8-रामजानकी मंदिर, ढेलवरिया 9-तुलसी निकेतन, हुकुलगंज 10-नवयुग विद्या मंदिर, ढेलवरिया 11-प्राथमिक विद्यालय रामपुर ढाब 12-जे पी मेहता इंटर कॉलेज 13-सुभाष इंटर कॉलेज, कोनिया 14-सरस्वती इंटर कॉलेज, हुकुलगंज 15-प्राथमिक विद्यालय, डोमरी 16-यूनाइटेड पब्लिक स्कूल, सरैया । उक्त बाढ़ राहत शिविरो में वर्तमान में 448 परिवार के 2860 लोग आज भी निवास कर रहे हैं, अवश्यकतानुसार और बाढ़ राहत शिविर को क्रियाशील कर दिया जाएगा। उक्त बाढ़ राहत शिविरो में निवास कर रहे व्यक्तियों एवं परिवारों हेतु स्वच्छ ताजा गर्म भोजन, फल, दूध, पेयजल के साथ साथ समस्त मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाढ़ राहत शिविर में मेडिकल कैम्प स्थापित किया गया है जिसमें बाढ़ पीड़ितों का स्वास्थ्य परिक्षण किया जा रहा है। अबतक 1093 पैकेट डफ्र 7685 क्लोरिन टेबलेट का वितरण किया जा चूका है एवं 523 लोगों का उपचार किया गया है। नगर निगम द्वारा शिविरो में फॉगिन कराई जा रही है। गंगा नदी के जलस्तर बढ़ने से वरुणा नदी में जल का उल्टा प्रवाह हो रहा है, जिसके कारण बाढ़ की स्थित उतपन्न हो गई है। जनपद में बाढ़ से कुल 7134 लोग बाढ़ से प्रभावित है। बाढ़ में बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा 25 नावे लगाई गई हैं, जनपद में ठञक्रकी 01 टीम एवं जल पुलिस द्वारा भी मोटर बोट लगा कर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है उक्त के अतरिक्त नदियों में लगातार रैकी कर जलस्तर की निगरानी की जा रही है, जलस्तर में वृद्धि होने के कारण आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत नौकाओ के संचालन पर रोक लगा दिया गया है।





# रेलवे ने किया त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन

उजाला संचार

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 08895/08896 गोंदिया-छपरा-गोंदिया त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन गोंडिया से 03 एवं 04 नवम्बर, 2024 दिन रविवार एवं सोमवार को तथा छपरा से 04 एवं 05 नवम्बर, 2024 दिन सोमवार एवं मंगलवार को 02 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा ।

08895 गोंदिया-छपरा त्यौहार विशेष गाड़ी 03 एवं 04 नवम्बर, 2024 दिन रविवार एवं सोमवार को गोंडिया से 20.00 बजे प्रस्थान कर डोंगरगढ़. से 20.58 बजे, राजनांदगांव से 21.22 बजे, दुर्ग से 22.10 बजे, रायपुर से 23.05 बजे, भाटापारा से 23.55 बजे, दूसरे दिन उसलापुर से 01.10 बजे, पेंड्रा रोड से 02.28 बजे, अनूपपुर से 03.07 बजे, शहडोल से 03.50 बजे, उमरिया से 04.45 बजे, कटनी से 06.50 बजे, मैहर से 07.35 बजे, सतना से 08.03 बजे, मानिकपुर से 10.02 बजे, शंकरगढ़ से 10.41 बजे, प्रयागराज से 12.05 बजे, बनारस से 13.50 बजे, गाजीपुर सिटी से 15.30 बजे तथा बलिया से 16.45 बजे छूटकर छपरा 19.00 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 08896 छपरा-गोंदिया त्यौहार विशेष गाड़ी 04 एवं 05 नवम्बर, 2024 दिन सोमवार एवं मंगलवार को छपरा से 22.15 बजे प्रस्थान कर बलिया से 23.25 बजे, दूसरे दिन गाजीपुर सिटी से 00.25 बजे, बनारस से 02.10 बजे, प्रयागराज से 04.00 बजे, शंकरगढ़ से 04.52 बजे, मानिकपुर से 06.30 बजे, सतना से 07.40 बजे, मैहर से 08.07 बजे, कटनी से 09.25 बजे, उमरिया से 11.00 बजे, शहडोल से 12.04 बजे, अनूपपुर से 12.44 बजे, पेंड्रा रोड से 13.26 बजे, उसलापुर से 15.40 बजे, भाटापारा से 16.28 बजे, रायपुर से 17.45 बजे, दुर्ग से 18.55 बजे, राजनांदगांव से 19.18 बजे तथा डोंगरगढ़ से 19.43 बजे छूटकर गोंदिया 22.30 बजे पहुंचेगी।

**उजाला संचार** - मुद्रक, प्रकाश, प्रधान संपादक **महेंद्र कुमार सोनकर** द्वारा मीडिया टेक्स्ट, प्रा.लि. गोबिंदपुर, जीटी रोड, रोहनिया (वाराणसी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। भिखारीपुर, बीएलडब्ल्यू, शहर वाराणसी, (उ.प्र.)। संपर्क : 0542-4059021, 9696104265, 9696104269
समाचार पत्र में प्रकाशित खबरों के लिए समस्त वाद वाराणसी न्यायाल के अधीन होंगे।